तापमान
अधिकतम 28.3 डिग्री
न्यूनतम 14.5 डिग्री

# हरिभूमि रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

12 सवा छह सौ से अधिक सवालों से गरमाएगा शीतकालीन...



14 मांगों को लेकर जयस्तंभ पहुंचे दिव्यांगजन हिरासत में ...



# डीजीसीए के नए नियम से प्रभावित हुई विमानों की आवाजाही, कोलकाता फ्लाइट रद्द, दर्जनभर देर से

## चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद समेत तमाम विमान एक से छह घंटे विलंब से पहुंची


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन के नए नियम से विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों की आवाजाही प्रभावित होने लगी है। बुधवार को कोलकाता से रायपुर आने वाली सुबह की फ्लाइट रद्द कर दी गई, वहीं दर्जनभर का संचालन देर से हुआ। चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद से आने वाली फ्लाइट एक से छह घंटे विलंब से आवाजाही करती रही। फ्लाइट की लेटलतीफी की वजह से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और एयरपोर्ट पर गहमागहमी जैसी स्थिति बनी रही।

- विमानों की लेटलतीफी से यात्री हुए परेशान, विमानतल पर रही गहमागहमी
- आधी रात को आई पुणे, दोपहर की चेन्नई फ्लाइट रात में आई





### विमानों की वापसी भी देर से हुई

पुणे से उड़ान भरकर शाम 7.50 रायपुर आने वाली फ्लाइट की टाइमिंग रात एक बजे तय की गई है। वहीं दोपहर 3.20 बजे लैंड होने वाली चेन्नई की फ्लाइट रात 8.45 बजे रायपुर आई। बेंगलुरु की फ्लाइट 7.20 के बजाए रात 10 बजे, हैदराबाद की सुबह 10.30 वाला विमान दोपहर 1 बजे, शाम 6.10 वाली इंदौर फ्लाइट 7.45 बजे, मुंबई की शाम 5 बजे वाली फ्लाइट 6.37 बजे, एयर इंडिया की 8 बजे की फ्लाइट 9 बजे, इंडिगो की 5.25 वाली शाम 7 बजे, दोपहर 1.45 वाली 2.31 बजे और दोपहर 2.20 वाली फ्लाइट शाम 4.15 को रायपुर पहुंची। इसके अलावा कुछ अन्य फ्लाइट भी प्रभावित रही। विलंब से आने के कारण इन विमानों की वापसी भी देर से हुई।

जानकारी के अनुसार डीजीसीए द्वारा पायलट सहित क्रू मेंबरों की ड्यूटी के लिए समयसीमा का निर्धारण कर दिया गया है। इसकी वजह विमानन कंपनियों के पास पायलट सहित अन्य स्टाफ की कमी होने लगी है। इसका सीधा असर विमानों के परिचालन पर हुआ है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से बुधवार को संचालित होने वाली फ्लाइटों पर इसका असर नजर आया। इसकी वजह से सुबह से रायपुर विमानतल पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरलाइंस कंपनियों के काउंटर पर फ्लाइट के बारे में जानकारी लेने वालों की भीड़ जुटी रही। कोलकाता से उड़ान भरकर सुबह 7.30 बजे रायपुर आने वाली फ्लाइट नहीं आई। इसकी वजह से वापसी के लिए इस एयरक्राफ्ट में टिकट बुक कराने वालों को परेशान होना पड़ा। ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में नकदी, जेवर की चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 1.62 हजार रुपए तथा सोने की माला चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंडरी, कालीनगर निवासी गदाधर जगत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गदाधर ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी पार्लर कोर्स करने गई थी और वह अपने च्वाइस सेंटर गया था। इस दौरान कोई अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया।

### लेन-देन विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाना में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ लेन-देन विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश्वर चौधरी ने सत्यम ठाकुर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश्वर ने पुलिस को बताया है कि वह किसी काम से छोटे उरला शराब भट्ठी गया था।

## नान डीएम ने कहा- ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी निर्धारित से कम गाड़ियां उपलब्ध करा रही

# टोकन कटने के बाद 15 दिन वेट, नहीं पहुंच रही गाड़ियां इसलिए राशन नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के शहर से ज्यादा अब ग्रामीण क्षेत्रों की राशन दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक का टोटा हो गया है, जिसके कारण कार्ड धारकों को दुकानों से बिना राशन लिए लौटना पड़ रहा है। वहीं बार-बार दुकानों के चक्कर भी लगाने पड़ रहे हैं। इसका कारण इन दुकानों में टोकन कटने के बाद 10 से 15 दिनों के बाद खाद्यान्न का भंडारण किया जा रहा है। हालांकि नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के डीएम विनोद बुदीचा का कहना है कि ट्रांसपोर्ट एजेंसियों की लापरवाही और अनुबंध के अनुसार निर्धारित संख्या से गाड़ियां कम उपलब्ध कराए जाने के कारण राशन दुकानों में समय पर भंडारण ▶▶| शेष पेज 13 पर



फाइल फोटो

### शिकायतें मिली हैं

ग्रामीण क्षेत्रों की राशन दुकानों में समय पर खाद्यान्न भंडारण नहीं करने की शिकायतें मिली हैं। ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी कम गाड़ियां उपलब्ध करा रही है। इसकी भी जानकारी मिली है। इस मामले में नान डीएम से बात करता हूं।

- **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर

### धरसींवा क्षेत्र के नान गोदाम से सबसे धीमी सप्लाई

*नागरिक आपूर्ति निगम का धरसींवा में भी गोदाम है, वहीं इस क्षेत्र में 83 राशन दुकान संचालित हैं। इन सभी दुकानों में धरसींवा गोदाम से ही चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण किया जाता है। इन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण के लिए तन्नू ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी को ठेका दिया गया है। नान कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राशन दुकानों में भंडारण करने के लिए ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी को छोटी-बड़ी मिलाकर 12 गाड़ी प्रतिदिन गोदाम में उपलब्ध कराना है, लेकिन एजेंसी मनमाने रूप से कभी 6 तो कभी 8 गाड़ियां ही उपलब्ध करा रही है। इसके कारण* ▶▶| शेष पेज 13 पर

### हर महीने 15-20 प्रतिशत कार्ड धारकों का लैप्स हो रहा खाद्यान्न

धरसींवा क्षेत्र के 83 राशन दुकानों में कुल पंजीकृत राशन कार्डों की संख्या 62711 है। इन कार्डों में अन्त्योदय 6922, निराश्रित 467, प्राथमिकता 49423, नि:शक्तजन 77 एवं एपीएल के 5822 शामिल हैं। इन कार्ड धारकों में से हर महीने लगभग 15 से 20 प्रतिशत राशन दुकानों में समय रहते भंडारण नहीं होने के कारण खाद्यान्न नहीं ले पाते। इसके अलावा ऐसे भी कार्ड धारक हैं, जिन्हें कभी शक्कर तो कभी नमक नहीं मिल पाता। इस तरह माह गुजरने के बाद इन कार्ड धारकों का खाद्यान्न लैप्स हो जाता है, क्योंकि ई-पॉस मशीन के सॉफ्टवेयर में गुजरे माह का खाद्यान्न देने का ऑप्शन ही नहीं है। इस तरह नान और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की लापरवाही के कारण हर महीने बड़ी संख्या में हितग्राहियों को खाद्यान्न से वंचित होना पड़ रहा है।

## बीएड सीटों के लिए काउंसिलिंग

# नहीं भरी सीटें, इसलिए दाखिला दिसंबर तक!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में रिक्त रह गई बीएड और डीएलएड सीटों के लिए एक बार फिर से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक दिसंबर को जारी किए गए शेड्यूल के आधार पर एससीईआरटी ने शिक्षा महाविद्यालयों में रिक्त पदों पर प्रवेश प्रारंभ कर दिए हैं। इसके पूर्व तीन चरणों में हुई काउंसिलिंग के जरिए छात्रों को प्रवेश प्रदान किया गया था।

तीसरे चरण में दिए गए विकल्पों के आधार पर चौथी सूची 2 दिसंबर को जारी की गई। इस सूची में जिन छात्रों के नाम थे, उन्हें बुधवार शाम पांच बजे तक का समय प्रवेश के लिए दिया गया। पांचवीं सूची आज जारी होगी। जिन छात्रों के नाम उक्त सूची में होंगे, उन्हें 5 दिसंबर संध्या 5 बजे तक दाखिले ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बीए-बीएससी बीएड में सिर्फ 11 सीट

*प्रदेश में बीएबीएड और बीएससी बीएड की 250 सीटें हैं। इनकी सिर्फ 11 सीट ही रिक्त है। बीएड की 14 हजार 493 सीटें हैं। इनमें से 14083 सीटें भर गई हैं, जबकि 412 पर प्रवेश दिया जा रहा है। इसी तरह से डीएलएड की 6 हजार 710 सीटों में से 6461 पर प्रवेश हो चुके हैं। रिक्त 249 सीटों के लिए दाखिले की प्रक्रिया जारी है। रिक्त सीटें निजी महाविद्यालयों की हैं। शासकीय महाविद्यालयों की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर चुकी हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश* ▶▶| शेष पेज 13 पर

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## खबर संक्षेप



### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का लोकभवन में राज्यपाल ने किया स्वागत

**रायपुर।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के छत्तीसगढ़ आगमन पर बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया और उन्हें शाल स्मृति चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि श्री कोविंद अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय और सचिवालय का नाम बदलने के फैसले पर कहा, यह सब राजनीतिक बातें हैं, जो बदला है, अच्छा किए हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन के बारे में सवाल पूछा, तो पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बताया कि यह मामला अभी संसद में पेंडिंग है।

### आशुतोष शर्मा न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक बने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ रायपुर अपने पदाधिकारियों का पुनर्गठन एवं विस्तार करते हुए आशुतोष शर्मा को छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक के पद पर मनोनित किया है। इससे पहले आशुतोष शर्मा रायपुर संघ के पूर्व अध्यक्ष रह चूके है। संघ ने उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी है। छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष नागेश्वर सिंह मौर्य, द्वारा संघ के संविधान के अनुसार प्रांतीय पदाधिकारियों की सहमति उपरांत उन्हें प्रांतीय संयोजक के पद पर मनोनित किया है, जिससे सभी न्यायिक कर्मचारियों में नयी उर्जा एवं खुशी का महौल है।

### जिले में अब तक 11.68 लाख क्विंटल धान की खरीदी

**रायपुर।** जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को 2310 किसानों से 1 लाख 11 हजार 157.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार जिले में अब तक 24631 किसानों से 11 लाख 68 हजार 168.40 क्विंटल की खरीदी हुई है।

### रबी फसल बीमा के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए रायपुर जिले में 1 से 7 दिसंबर तक फसल बीमा सप्ताह आयोजित किया है। रबी वर्ष 2025-26 के लिए जिले में बीमा संचालन के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कंपनी को चयनित किया है। जिला प्रशासन के अनुसार इस रबी मौसम में चना, अलसी, सरसों, गेहूं सिंचित तथा गेहूं असिंचित को अधिसूचित फसलों में शामिल किया गया है। किसानों के लिए बीमा आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

# विभागों ने योजनाओं की राशि 34 करोड़ रुपए बरसों से दबाए रखी, अब फिर जाएगी सरकार के खजाने में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कई विभागों ने सरकारी योजनाओं की राशि करीब 34 करोड़ रुपए सिविल जमा में ट्रांसफर कर बरसों तक निष्क्रिय के-डिपॉजिट खातों में जमा रखी थी। अब सरकार ने इन खातों की राशि को सरकारी खजाने राज्य की संचित निधि में ट्रांसफर करने का आदेश जारी किया है।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी भारसाधक सचिवों के लिए आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि विभिन्न विभाग द्वारा योजनाओं की राशि लोक लेखा शीर्ष सिविल जमा में ट्रांसफर करके विगत कई वर्षों से जमा रखी है। कोषालय संहिता के अनुसार तीन साल से अधिक समय तक निष्क्रिय के- डिपॉजिट खातों की राशि राज्य की संचित निधि में वापस जमा की जानी चाहिए। राज्य के विभिन्न कोषालयों में कई विभागों, कार्यालयों के निष्क्रिय खातों की सूची भी वित्त विभाग ने जारी की है और कहा है कि इन खातों में जमा राशि को संबंधित विभागीय राजस्व प्राप्ति शीर्ष में राज्य की संचित निधि में ट्रांसफर करें।

## कई विभाग और कार्यालय पैसा दबाए रखने में करोड़पति




### विभागों के दफ्तरों ने करोड़ों रुपए जमा रखे

वित्त विभाग ने निष्क्रिय खातों में जमा राशि की जो सूची जारी की है, उसके हिसाब से करीब 34 करोड़ रुपए निष्क्रिय खातों में पड़े रखे गए हैं। इस तरह के कई विभागों और कार्यालयों की उल्लेख सूची में है। सूची के मुताबिक कार्यालय अभियंता ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा राजनांदगांव 4 करोड़ 12 लाख 58 हजार कलेक्टर कबीरधाम के निष्क्रिय के डिपॉजिट खाते में 2 करोड़ 93 लाख 85 हजार, श्रम पदाधिकारी सुकमा 2 करोड़ 31 लाख 88 हजार, श्रम पदाधिकारी सुरजपुर 1 करोड़, 84 लाख, उप संचालक उद्यानिकी कार्यालय रायपुर में 1 करोड़ 2 लाख 57 हजार, एकीकृत आदिवासी विकास विभाग अंबिकापुर 1 करोड़ 27 लाख 46 हजार, उप संचालक कृषि जशपुर 1 करोड़ 92 लाख 94 हजार, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजन अंबिकापुर 1 करोड़ 1 करोड़ 27 लाख 46 हजार बिना खर्च किए निष्क्रिय खातों में जमा रखे रहे। इनके अलावा भी कई और विभागों, कार्यालयों ने लाखों और हजारों रुपए निष्क्रिया खातों में जमा रखे।

### 9 दिसंबर से नए विधानसभा में ली जाएंगी ध्यानाकर्षण और स्थगन सूचना

# सवा छह सौ से अधिक सवालों से गरमाएगा शीतकालीन सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा का शीतकालीन सत्र चार दिन के लिए आहूत किया गया है। 14 से 17 दिसंबर तक चलने वाले सत्र के लिए नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में तैयारी पूरी हो गई है। सत्र के लिए विधायकों ने 628 सवाल लगाए हैं। इन सवालों से नवा रायपुर के विधानसभा भवन में होने वाला शीतकालीन सत्र गरमाएगा। विपक्ष और सत्ता पक्ष के अधिकतर विधायकों ने सबसे अधिक ऑनलाइन सवाल लगाए हैं, जिनकी संख्या 604 थी। वहीं 24 सवाल ऑफलाइन लगाए।

सत्र के दौरान पहले दिन रविवार 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विजन 2047 को लेकर चर्चा की जाएगी। पहले दिन प्रश्नकाल नहीं होगा। सोमवार से बुधवार तक सत्र की कार्यवाही में प्रश्नकाल के साथ अन्य सेशन भी होंगे। इस दौरान सदस्यों द्वारा लाए गए मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बताया गया है कि सत्र में लगाए गए सवालों में कानून व्यवस्था, धान खरीदी, सड़कों की बदहाली, राशन वितरण में गड़बड़ी सहित कई मामलों पर सवाल किए जाएंगे। सत्र के लिए 9 दिसंबर से बैठक वाले दिन सुबह 8 बजे तक ध्यानाकर्षण सूचना, स्थगन की सूचना और नियम 267 क के अधीन सूचनाएं दे सकेंगे। सभी सूचनाएं नए विधानसभा भवन में ली जाएंगी। सचिवालय के अनुसार एक सदस्य द्वारा एक दिन के लिए दो ध्यानाकर्षण और एक स्थगन की सूचना ही दी जा सकेगी। तीन दिन के सत्र के लिए एक विधायक के द्वारा 6 ध्यानाकर्षण और 3 स्थगन की सूचनाएं ही स्वीकार की जाएंगी।




### नए विधानसभा भवन में होगी कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि सत्र की पूरी कार्यवाही नवा रायपुर स्थित विधानसभा भवन में होगी। 18 नवंबर को पुराने विधानसभा से शुरू हुए सत्र को आगे बढ़ाते हुए चार दिन का सत्र नए विधानसभा भवन में कराने का निर्णय लिया गया है। यहां पर होने वाले चार दिन के सत्र के लिए बैठक व्यवस्था तय नियमों के आधार पर होगी।

### पुराने विधानसभा भवन से शिफ्टिंग

नया विधानसभा भवन तैयार होने के बाद पुराने विधानसभा भवन की फाइलें, फर्नीचर और अन्य सामान की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। 10 दिसबर तक इसे पूरा करने का प्लान तैयार किया गया है। सभी सेक्शन के लोगों को आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित कर नए विधानसभा भवन में आवंटित स्थान तक ले जाने कहा गया है। सत्र शुरू होने के पहले यह भवन खाली करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि नए भवन से कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो सके।

# राजस्व अधिसूचना का सिस्टम होगा डिजिटल

### राजस्व मंत्री ने छत्तीसगढ़ में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विकसित नई प्रणाली के तहत राजपत्र प्रकाशन की संपूर्ण प्रक्रिया अब डिजिटल माध्यम से संचालित होगी। पूर्व में विभागों एवं जिला कार्यालयों से मुद्रणालय तक पाण्डुलिपि भेजने की प्रक्रिया समय और भौतिक संसाधनों पर आधारित थी, जिसे अब पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। नए ई-गजट पोर्टल के माध्यम से विभाग अपने आदेश एवं अधिसूचनाएं सीधे अपलोड करेंगे तथा प्रकाशित राजपत्र भी सभी के लिए ऑनलाइन सुलभ रहेगा।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंत्रालय में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल पोर्टल के माध्यम से अब शासन के सभी विभाग तथा जिला कलेक्टरों द्वारा जारी आदेश, अधिसूचनाएं, अध्यादेश एवं अन्य प्रकाशन सामग्री सीधे ऑनलाइन पाण्डुलिपि रूप में संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग को भेजी जाएगी, जहां से शासकीय मुद्रणालय इसे ई-गजट के रूप में ऑनलाइन प्रकाशित करेगा।

### ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा

ई-गजट प्रणाली लागू होने से अधिसूचना प्रकाशन संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आएगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से न केवल प्रक्रियाएं सरल होंगी, बल्कि कार्य पूर्णतः पेपर-लेस होने से शासन की ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा। राजपत्रों का ऑनलाइन प्रकाशन पारदर्शिता, सुलभता और रिकॉर्ड प्रबंधन को भी अधिक प्रभावी बनाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल राज्य में डिजिटल शासन, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ई-गजट पोर्टल के शुभारंभ से अब राजपत्र प्रकाशन अधिक सुगम, समयबद्ध और आधुनिक स्वरूप में उपलब्ध हो सकेगा।

# महतारी वंदन की 22वीं किस्त जारी 67.68 लाख हितग्राहियों को राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुख्यमंत्री ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के कार्यक्रम में किया जारी



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने वाली राज्य सरकार की प्रमुख योजना महतारी वंदन के तहत आज 22वीं किस्त का भुगतान मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, महतारी वंदन योजना हमारी माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की महिलाएं परिवार, समाज और राज्य की उन्नति की आधारशिला हैं और उनका सशक्त होना एक सशक्त प्रदेश की अनिवार्य शर्त है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि प्रतिमाह सीधे बैंक खातों में राशि अंतरित होने से माताओं को न केवल आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि परिवार की पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने में भी सुनिश्चित सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र हितग्राही इस सहायता से वंचित न रहे तथा पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महतारी वंदन योजना आने वाले समय में लाखों परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी और छत्तीसगढ़ के विकासयात्रा को नई ऊर्जा देगी।

### 634.65 करोड़ रुपये की राशि जारी

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से प्रारंभ होने के बाद अब तक 21 किश्तों में कुल 13,671.68 करोड़ रुपये की सहायता राशि लाभार्थियों को प्रदान की जा चुकी है। इस माह 67,78,674 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इसमें 67,71,012 हितग्राहियों को 633.89 करोड़ रुपये तथा नियद नेल्ला नार क्षेत्र की 7,662 महिलाओं को 76.30 लाख रुपये प्रदान किए गए। इस प्रकार महतारी वंदन योजना की 22वीं किश्त अंतर्गत कुल 634.65 करोड़ रुपये की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की गई।

### मुख्यमंत्री ने दत्तात्रेय जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान दत्तात्रेय की जयंती (4 दिसम्बर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय से समस्त नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा, भगवान दत्तात्रेय सत्कर्म, सादगी, विनम्रता, त्याग और ज्ञान के शाश्वत प्रतीक हैं।

### भारतीय नौसेना दिवस आज सीएम की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सतत तत्पर भारतीय नौसेना के जांबाज अधिकारियों, वीर जवानों एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### पीएससी ने बढ़ाई पद संख्या

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा 26 नवंबर को मुख्य सेवा परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में संशोधन किया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 238 पदों के लिए प्रस्तावित थी। अब इसमें एक पद की वृद्धि की गई है। परीक्षा अब 239 पदों के लिए होगी। मुख्य सेवा परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। परीक्षार्थी 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। संशोधित पद सहित अन्य जानकारियां पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# गाइडलाइन पर बृजमोहन के पत्र को कांग्रेस ने बताया दिखावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुये कि आज छत्तीसगढ़ में सुशासन के नाम पर लगातार कुशासन का चक्र चल रहा है। जमीन गाइड लाइन वृद्धि को लेकर प्रदेश की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ मंत्री ओपी चौधरी इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बता रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल इसके विरोध में दिखावे के लिये पत्र व्यवहार रहे हैं, जो महज खानापूर्ति नौटंकी है।

- जन-आंदोलन का करें समर्थन, कांग्रेस पार्टी भी उनके साथ है-विकास

शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पप्पू बंजारे, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, आकाश तिवारी के साथ पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस पर कहा, आपको सही में पीड़ा है, तो किसानों और व्यवसायियों के साथ आंदोलन करें। जनहित के लिए सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन और जन-आंदोलन करें। आम जनता के हित के लिए कांग्रेस पार्टी भी आपको समर्थन देने के लिए तैयार है। विकास उपाध्याय ने कहा कि चिट्ठी लिखना महज एक खानापूर्ति है। इससे पहले भी सिर्फ खानापूर्ति के लिए बृजमोहन अग्रवाल ने कई पत्र लिखें हैं। डबल इंजन की सरकार में रसूखदार नेता अपने ही पार्टी के तुगलकी फरमान के विरोध में नौटंकी करते हुये प्रदेश की भोली-भाली आम जनता को बहला कर बेवक़ूफ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य की भाजपा सरकार नई गाइड लाइन को तत्काल निरस्त नहीं करती है, तो कांग्रेस किसानों और व्यापारियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# प्राचार्य व प्रोफेसर की आठ समितियां जांचेंगी लैब अटेंडेंट के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 1603 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 8 से 12 तक




छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा–2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया 8 से 12 दिसंबर तक चलेगी। सत्यापन कार्य विज्ञान महाविद्यालय परिसर स्थित क्षेत्रीय अपर संचालक (रूसा) कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक दो पालियों में संपन्न होगा। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग डॉ. संतोष देवांगन ने बताया कि 430 पदों के विरुद्ध तीन गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाया गया है। इसमें सामान्य वर्ग के कुल 538 जिसमें महिला 164 तथा 374 पुरुष, अन्य पिछड़ा वर्ग के 190 में से महिला 56 और 134 पुरुष, अनुसूचित जाति वर्ग के 159 में से महिला 46 और 113 पुरुष तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 419 में से महिला 123 और 296 पुरुष शामिल होंगे। इसी तरह दिव्यांग वर्ग के 91, भूतपूर्व सैनिक के 206 अभ्यर्थी दस्तावेजों के सत्यापन में शामिल होंगे।

### वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे शामिल

उच्च शिक्षा विभाग ने दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए कुल आठ समितियां बनाई हैं। प्रत्येक समिति में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। सभी समितियां 8 से 12 दिसंबर तक प्रतिदिन निर्धारित समय में अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज़ों का परीक्षण करेंगी। इस संबंध में विस्तृत निर्देश उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यह प्रक्रिया भर्ती में पारदर्शिता बढ़ाने और चयन कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

## योजनाओं को दुर्भावना पूर्वक बंद किए जाने का लगाया आरोप

# 2 साल में 17 जनकल्याणकारी योजनाएं बंद, कांग्रेस ने कहा- जनता को किया निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया।

उन्होंने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार 2 साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 2 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। 18 लाख आवास देने का वादा था, दो साल में हितग्राहियों को मकान नहीं दे पाये। कांग्रेस राज में 7 किलो राशन मिलता था, उसमें कटौती हो गयी। सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती शुरू हो गयी। जमीनों की रजिस्ट्री में जनता को लूटा जा रहा है। भूमि के गाइड लाइन की दर में 30 प्रतिशत के छूट को समाप्त कर दिया, गाइड लाइन की दर 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया, लेकिन रजिस्ट्री फीस में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को नहीं हटाया गया। भाजपा के दो साल में किसान आत्महत्या दौर चालू हो गया। किसान आत्महत्या कर रहे। राजनांदगांव, बस्तर, बिलासपुर, महासमुंद हर जगह से किसानों की आत्महत्या की खबरें आ रहीं।

### इन योजनाओं को किया बंद

400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो कुटकी रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जोरा प.ह.नं.- 66 रा.नि.मं.- 09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदिक श्रीमती निर्मला धाड़ीवाल पति श्री शांतिलाल निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 35/1 रकबा 0.1960 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 19/11/2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 10/12/2025 को सीमांकन समय 2.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा ।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर -09 (तेलीबांधा)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जोरा प.ह.नं.- 66 रा.नि.मं.- 09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री संजय कुमार धाड़ीवाल पिता शांतिलाल धाड़ीवाल निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 44/1, 290/1, 290/2 रकबा क्रमश 0.1810, 0.0890 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 19/11/2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 10/12/2025 को सीमांकन समय 2.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा ।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर -09 (तेलीबांधा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार घनश्याम सिन्हा पिता स्व. घासीराम सिन्हा, निवासी- बंजारी नगर, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेतागण अखिलेश चरण दुबे पिता स्व. ईश्वर चरण दुबे एवं सोनल दुबे पिता श्री अखिलेश चरण दुबे, दोनों निवासी-60/103, डंगनिया मोड़, श्रीराम हॉस्पिटल, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) के हक एवं सह-स्वामित्व आधिपत्य हक की खुली परिवर्तित भूमि, जो कि, मौजा- भाठागांव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। जिसका खसरा नंबर 859/2, रकबा 0.1298 हे. (अखिलेश चरण दुबे) एवं खसरा नंबर 859/1, रकबा 0.0980 हे. (सोनल दुबे), कुल खसरा 02, कुल रकबा 0.2278 हेक्टेयर भूमि है। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दिनांक 02.12.2025 को विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संव्यवहार के संबंध में किसी प्रकार किया गया इकरारनामा/संव्यवहार अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा उपरोक्त हेतु किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, नगर-निगम, वित्तीय संस्था, दोस्त, रिश्तेदार को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के तीन दिवस (03 दिन) के भीतर हमारे नीचे लिखे कार्यालय के पते पर मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद अवधि गुजरने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा इकरारशुदा संपत्ति का पंजीयन एवं नामांतरण करने हेतु स्वतंत्र रहेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा। सो सूचना जाने।

स्थान :- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 02.12.2025

**उमाशंकर महिलाने (अधिवक्ता)**
**पता- सिविल कोर्ट रूम नं. 106,**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**
**77719 32637, 88715 79481**

## खबर संक्षेप



### सातपारा में पटेल सामाजिक भवन के लिए भूमि पूजन

**अभनपुर।** ग्राम सातपारा मे पटेल समाज सामाजिक भवन में बाउंड्री वॉल तथा टीन शेड निर्माण कार्य के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच दया टीकू साहू, टीकू साहू, टेकराम पटेल, बुधारु पटेल, संतराम पटेल, प्रकाश पटेल, तुलेश पटेल, गीतू पटेल, खेमराज पटेल, शंकर पटेल मौजूद रहे। समाजजनों ने निर्माण कार्य को समाज के विकास का महत्वपूर्ण कदम बताते हुए एकजुट होकर सहयोग करने की अपील की।

### हाई स्कूल अमेरी में नव पदस्थ प्राचार्य का आत्मीय स्वागत

**आरंग।** हाई स्कूल अमेरी में नए प्राचार्य के रूप में पदस्थ हुईं डॉ. उर्मिला पांडेय का बुधवार को शाला परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित छोटे किन्तु सौहार्दपूर्ण समारोह में प्राचार्य डॉ. उर्मिला पांडेय को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोपाल वर्मा, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर साहू, विद्यालय के सभी शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच नए प्राचार्य का स्वागत कर उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। समिति अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि शाला में नई ऊर्जा और अनुशासन स्थापित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं विधायक प्रतिनिधि साहू ने कहा कि विद्यालय के समग्र विकास के लिए समुदाय का सहयोग निरंतर जारी रहेगा। प्राचार्य डॉ. पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे शाला के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बच्चों से सकारात्मक वातावरण और नियमित अध्ययन में सहयोग का आह्वान भी किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने खुशी जताते हुए नए नेतृत्व का स्वागत किया।

### गोदड़ीवाला धाम में 8 से शुरू होगा वर्सी महोत्सव

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 8 से 10 दिसंबर तक संत बाबा गेलाराम साहेब का 17वां वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें देशभर के संत-महात्मा और भक्त शामिल होंगे। यह महोत्सव कई दिनों तक चलेगा और इसमें धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर जैसे सामाजिक आयोजन भी होंगे। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से व जलगांव साहेब के महंत साई देवीदास व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 8 दिसंबर सुबह 10 बजे हवन साहाब, 11 बजे झंडावंदन, 12.30 बजे अखंड पाठ साहेब का आरंभ होगा। साथ ही शाम 4.30 बजे से संतों एवं भजन मंडलियों द्वारा कीर्तन, भजन व सत्संग किया जाएगा। दूसरे दिन 9 को सुबह 11 बजे भगवान झूलेलाल की बहराणा साहेब और दोपहर 1 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा कई कार्यक्रम भी होंगे। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि ईसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतनानी ने देते हुए बताया कि मेगा ब्लड डोनेशन कैंप मंगलवार को एसएसडी ब्लड बैंक रायपुर के रामदेव मंधान एवं उनकी अनुभवी टीम द्वारा होगा। साथ ही डेंटल मेडिकल कैंप और नेत्र जांच शिविर 8 से 10 दिसंबर तक ग्वालानी डेंटल स्टूडियो के डा. ऊमा रोहरा ग्वालानी और सिटी आई सेंटर के सहयोग से लगाया जाएगा।

### नर्सिंग स्टाफ के पदनाम निर्धारित करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नर्सिंग क्षेत्र में लंबे समय से नर्सिंग कर्मियों के लिए कोई भी सम्मानजनक पदनाम निर्धारित नहीं किया गया था। इन्हें "स्टाफ नर्स" के रूप में ही पहचाना जाता रहा है। नर्सिंग का पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और जिम्मेदारियाँ अन्य कई प्रोफेशनल कोर्सेज की तुलना में अधिक कठिन और व्यापक हैं। नर्सिंग एक उच्च स्तरीय प्रोफेशनल कोर्स है।

# पीपला की पहल पर भिलाई में निशुल्क कोचिंग शुरू, 5 गांवों के छात्रों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विगत पाँच वर्षों से नगर सहित क्षेत्र में शिक्षा स्तर में वृद्धि के लिए स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। जगह-जगह कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम और शिक्षादान केंद्र संचालन के माध्यम से बच्चों में बेहतर शिक्षा गुणवत्ता के लिए लगातार प्रयासरत है।

इसी कड़ी में बुधवार को ग्राम भिलाई में फाउंडेशन के संयोजक महेंद्र कुमार पटेल की शिक्षा के प्रति नवाचारी सोच और फाउंडेशन के सदस्यों की पहल पर शिक्षादान केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें आसपास के पाँच गाँव—चरौदा, भिलाई, मोखला, गिधवा, ओड़का—के कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग मिलेगी। फाउंडेशन के संयोजक महेंद्र पटेल का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों के लिए कोचिंग की सुविधा नहीं होने से बच्चों को कठिन विषयों को बेहतर ढंग से समझने में बहुत समस्या होती है। इसे देखते हुए तथा कुछ पालकों की मांग पर शिक्षादान केंद्र संचालित किया जा रहा है। इससे पहले भी यहाँ शिक्षादान केंद्र संचालित किया गया था, जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम मिला था। उन्होंने बताया कि विगत चार वर्षों से गायत्री मंदिर आरंग में भी शिक्षादान केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहाँ प्रतिदिन चालीस–पचास बच्चे निःशुल्क कोचिंग का लाभ ले रहे हैं।



### छात्र का इनाम देकर किया सम्मान

शिक्षादान केंद्र मे इच्छुक शिक्षित युवाओं को शिक्षादान में पढ़ाने के लिए आग्रह किया जाता है। इनके द्वारा गणित, विज्ञान, अंग्रेज़ी विषय पढ़ाए जाते हैं। पढ़ाने वालों को फाउंडेशन से जुड़े सेवाभावियों द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप सम्मान राशि दी जाती है। फाउंडेशन के संरक्षक व समाजसेवी पारसनाथ साहू, पुरुषोत्तम जलक्षत्री, गिरधारी साहू, लोकेश साहू उपस्थित थे। शिक्षादान में पढ़ाने वाले ग्राम चरौदा के एमएससी के छात्र ओमप्रकाश तारक को फूल गुलदस्ता व पाँच सौ रुपए नकद राशि भेंट कर प्रोत्साहित किया गया।

## भाजपा ने धरसींवा के लाखों लोगों का किया अपमान : कांग्रेस

# 400 करोड़ के विकास का दावा, विधायक अनुज का झूठ एवं भ्रम का पुलिंदा : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि धरसीवा विधायक अनुज शर्मा द्वारा प्रस्तुत 400 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का दावा पूरी तरह से झूठा और भ्रामक है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने स्पष्ट किया कि धरसींवा विधायक ने गांव में एक भी ठोस विकास की नींव नहीं रखी है, फिर भी वे प्रचार के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। यह न केबल धरसींवा का अपमान है, बल्कि धरसीवा के लाखों निवासियों की भावनाओं का भी अपमान है।

भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में विकास के नाम पर केवल घोषणाएं हो रही हैं, लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं। अनुज शर्मा जो मूल रूप से एक कलाकार हैं और आधे समय फिल्म निर्माण में व्यस्त रहते हैं, धरसीवा के मुद्दों को संबोधित करने के बजाय अपनी छवि चमकाने में लगे हुए हैं।

### विकास के नाम पर केवल खोखले वादे और उपेक्षा



धरसिवा विधानसभा क्षेत्र, जो रायपुर जिले का सबसे बड़ा औद्योगिक और आर्थिक हब है, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने के बावजूद किसी बड़े विकास प्रोजेक्ट से वंचित रखा है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां बेरोजगारी उन्मूलन, नए उद्योग स्थापना, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, बड़े पुलों का निर्माण, बायपास सड़कें और औद्योगिक विस्तार जैसे भव्य वादे किए थे, लेकिन आज तक एक भी प्रोजेक्ट का शिलान्यास या प्रगति नहीं दिखाई दी। यह क्षेत्र, जो राज्य की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है, अब सरकार की प्राथमिकता सूची से बाहर हो चुका लगता है।

### सीएसआर निधि को भी अनुज अपना प्रयास बता रहें

सीएसआर निधि की राशि को भी अनुज शर्मा अपना श्रेय देने का प्रयास कर रहे हैं, जो हर उद्योगपति द्वारा किया जाने वाला सामान्य कार्य है। इसमें कोई नई बात नहीं। कुल मिलाकर, वे छत्तीसगढ़ के सबसे निष्क्रिय विधायकों में से एक हैं, जो गांव की समस्याओं को झांकने के बजाय रीलों और अपने फिल्म निर्माण और आर्केस्ट्रा में व्यस्त रहते हैं। धरसीवा आज भी मूलभूत सुविधाओं – जैसे स्वच्छ पानी, सड़कें, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा – से जूझ रहा है। गरीब परिवारों के घर तोड़े जा रहे हैं, लेकिन नई आवास योजनाओं का कोई नामोनिशान नहीं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष एवम धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने आगे कहा कि धरसीवा विधानसभा क्षेत्र को औद्योगिक हब कहा जाता है, लेकिन यहाँ के हजारों युवा आज भी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। विधायक अनुज शर्मा ने पिछले 2 वर्षों में एक भी स्थानीय बेरोजगार युवक-युवती को किसी उद्योग में नौकरी दिलाने का काम नहीं किया। न तो कोई रोजगार मेला लगवाया, न कोई स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोला, न ही उद्योगों पर दबाव डाला कि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए कुछ नहीं किया

औद्योगिक हब के नाम पर धरसीवा के गांवों को जहरीली हवा, दूषित पानी और बीमारियों का शिकार बना दिया गया है, लेकिन विधायक ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक भी प्रभावी कदम नहीं उठाया। न प्रदूषण बोर्ड को सक्रिय किया, न उद्योगों पर जुर्माना लगवाया, न ही ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य कैंप तक आयोजित कराया। गांव के लोग आज भी फेफड़े की बीमारी, त्वचा रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्रों की हालत तो और भी बदतर है। गांवों की सड़कें और नालियां आज भी टूटी-फूटी पड़ी हैं। अधिकांश सरपंचों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का स्पष्ट कहना है कि विधायक अनुज शर्मा ने उनके गांव में एक भी विकास कार्य की नींव तक नहीं रखी। नाली, खड़ंजा, स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप, न ही आंगनबाड़ी भवन – कुछ भी नहीं। विधायक निधि का पैसा कहाँ गायब हो रहा है, इसका जवाब अनुज शर्मा को जनता को देना होगा।कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आगे कहा कि धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में विष्णु देव साय की भाजपा सरकार ने 2 वर्षों में एक भी बड़ा प्रोजेक्ट शुरू नहीं की।

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने अफसरों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने ओ.पी. शर्मा (संरक्षक/सलाहकार) और एस.पी. देवांगन (प्रांतीय महामंत्री) के नेतृत्व में नव पदस्थ संचालक, स्वास्थ्य सेवाएँ संजीव झा (आई.ए.एस.) से सौजन्य भेंटकर कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों के निराकरण संबंधी चर्चा की। इस दौरान संचालक द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का पूर्ण आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात नव पदस्थ आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा श्री रितेश अग्रवाल (आई.ए.एस.) से भेंटकर दंत चिकित्सा महाविद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया गया। संविदा कर्मचारियों को 6 माह से वेतन न मिलने की समस्या पर आयुक्त महोदय ने तत्काल कार्यवाही करते हुए भुगतान का आदेश जारी किया तथा सभी समस्याओं को एक साथ प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया, जिससे संबंधित स्तर पर उसका समाधान किया जा सके। इस अवसर पर संघ के प्रधान संरक्षक/सलाहकार ओ.पी. शर्मा, महामंत्री एस.पी. देवांगन, प्रांतीय संयोजक रविंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष रायपुर सालिक नौरंगे, विभागीय अध्यक्ष (संचालनालय) नरेंद्र पटेल, विभागीय अध्यक्ष (शासकीय डेंटल कॉलेज रायपुर) राकेश वैष्णव, जयसिंह कोर्राम (फार्मासिस्ट प्रकोष्ठ), हितेश निर्मलकर (लिपिक प्रकोष्ठ), जिला संयोजक (सीएचओ प्रकोष्ठ) सरिता साहू, अजय कुमार पाण्डेय, रामजी सेन, शिवप्रसाद कँवर, सुमन बंजारे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अभनपुर के पीएम श्री स्कूल शिक्षकों का आईआईटी जम्मू में प्रशिक्षण




**अभनपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षकों के क्षमता-विकास के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड अभनपुर अंतर्गत पीएमश्री स्कूलो के शिक्षकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। आईआईटी जम्मू में आयोजित इस प्रशिक्षण में अभनपुर से चयनित शिक्षकों ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब, 3डी प्रिंटर, ड्रोन तकनीक, गूगल क्लासरूम और साइबर सिक्योरिटी जैसे आधुनिक विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण एससीईआरटी छत्तीसगढ़ के निर्देश पर पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम की निगरानी में आयोजित किया गया, जिसमें राज्यभर से 151 शिक्षक शामिल हुए जिसमे रायपुर जिले से कुल 12 पीएमश्री स्कूलों के शिक्षक चयनित हुए जिनमें अभनपुर, खोरपा, माना कैंप, नेवरा, बिरगांव, अरुंधती आरंग, चंदखुरी, सारागांव, कुंरा एवं आरडी तिवारी रायपुर के विद्यालय शामिल हैं। प्रशिक्षण समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। अभनपुर के शिक्षकों की यह सहभागिता क्षेत्र के विद्यालयों में आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा को नई दिशा देगी।

# कार्यशाला में शैक्षणिक गतिविधि व कार्ययोजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



बुधवार को संकुल केंद्र खमतराई में संकुल समन्वयक हरीश दीवान द्वारा संकुल अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के प्रधान पाठक एवं शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल के नए प्राचार्य टिकेश्वरी चंद्राकर का सभी सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। बैठक में सभी प्रधान पाठकगण ने अपने-अपने विद्यालयों में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों और कार्ययोजनाओं की बिंदुवार जानकारी प्रस्तुत की।

प्राचार्य टिकेश्वरी चंद्राकर ने शिक्षकों को डेली डायरी के नियमित संधारण, समय-सारणी का कड़ाई से पालन करने, और शासन की गाइडलाइन के अनुसार 'स्मार्ट वर्क' पर फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। मैडम चंद्राकर ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि समस्याओं पर रोना ठीक नहीं, क्योंकि "शिक्षक समाज का दर्पण होता है।" संकुल समन्वयक हरीश दीवान ने बैठक को केवल /"परिचय नहीं, अपितु नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने एवं चुनौती लेने/" का मंच बताया। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आपसी सामंजस्य एवं निष्ठा की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय सुरक्षा संबंधी एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक का कार्य 'कुत्ता पकड़ना' नहीं है, बल्कि केवल पंचायतों एवं नगर निगमों को आवश्यक जानकारी देना है। इस दौरान प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव ने अपनी कविता "नया प्रभात नई राहें नया मुकाम" से सभी को प्रेरित किया। वहीं वरिष्ठ प्रधान पाठक नर्सिंग दास मानिकपुरी, लक्ष्मण लहरी, तारकेश्वर डडसेना, तारावती बंजारे, कृष्णकांत साहू, दिगम्बर बारिहा ने भी अपने बहुमूल्य शैक्षणिक अनुभव साझा किए।

## अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव में हेमचंद की सराहना...




आरंग। ग्राम तामासिवनी निवासी हेमचंद साहू इन दिनों ओड़िशा में आयोजित सोलहवें अंतर्राष्ट्रीय रेत कला महोत्सव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह ओड़िशा के कोणार्क में अपनी रेत कला की छटा बिखेर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में विश्वभर के करीब 150 कलाकार भाग लिए हैं, जिसमें हर दिन अलग-अलग थीम दी जाती है, जिस पर रेत से कलाकृति उकेरी जाती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को मिली पर्यावरण थीम पर उन्होंने पर्यावरण संबंधी रेत कला बनाई, जिसे पर्यटकों ने काफी सराहा। अपनी कलाकृति में उन्होंने जंगली पशु, पक्षियों, नदी-नाले, जंगल और पहाड़ को प्रदर्शित किया है, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।

# अमलीडीह पुलिस कालोनी मार्ग पर 3 एकड़ निजी भूमि में अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड के अमलीडीह पुलिस कालोनी जाने वाले मार्ग पर 3 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर निगम अमले ने रोक लगाई है। अवैध निर्माण कर बनाई गई दीवाल तोड़कर और वहां जाने का मार्ग जेसीबी मशीन से काटकर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई।

नगर निवेशक आभाष मिश्रा और नगर निगम जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, सहायक अभियंता सुशील अहीर की टीम ने बुधवार को अमलीडीह पुलिस कालोनी जाने वाले मार्ग में पेट्रोल पंप के बाजू में करीबन 3 एकड़ निजी भूमि पर अवैध निर्माण कर दीवार और अवैध मुरूम मार्ग बनाकर की जा रही अवैध प्लाटिंग को स्थल पर पहुंचकर थ्रीडी मशीन की सहायता से अभियान चलाकर अवैध दीवाल तोड़ गिराई।




## अभविव और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से हुआ कार्यक्रम

# खोरपा में रक्तदान महादान शिविर और मितानिन सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में, एचडीएफसी बैंक के सहयोग से तथा इंडियन रेड क्रॉस ब्लड बैंक डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर के संयोजन में रक्तदान महादान शिविर एवं मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की मितानिन बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष खेलू राम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, विधायक प्रतिनिधि तोरण लाल साहू, संसद प्रतिनिधिअर्जुन धीवर, मंडी अध्यक्ष छबि लाल साहू, उपाध्यक्ष साहू समाज श्रीमती अनसुईया साहू, प्राधिकृत अधिकारी राघवेन्द्र साहू, बीएमओ सीएचसी अभनपुर डॉ. बीबी कोसरिया, बीपीएम अश्वनी पांडे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजया खिलवाड़े, एबीवीपी राधेश्याम साहू चिकित्सक एवं स्वास्थ्य स्टाफ सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। शिविर में कुल 44 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। मुख्य अतिथि विधायक श्री साहू ने रक्तदान शिविर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। बीएमओ डॉ. कोसरिया द्वारा रक्तदान के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित होने की अपील की गई। बताया गया कि वर्ष 2016 से खोरपा पीएचसी में नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा है तथा अब तक कुल 15 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को श्रीफल एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुमकुम जोशी, प्रज्ञा शीला, रेखा ध्रुव, घानेश्वरी साहू, रोशन लाल साहू, इंदु देवांगन, , हेमलता नागरची, ठाकुरराम सोनवानी, देवानंद साहू, ललिता देवांगन, प्रतिमा डहरिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### डीजीसीए के नए ....

इतना ही नहीं, रायपुर से दिनभर आवाजाही करने वाली फ्लाइटों के विलंब से आवाजाही करने के कारण यात्रियों को अपने सफर के लिए अतिरिक्त इंतजार करना पड़ा।

### टोकन कटने के .....

नहीं हो पा रहा है। निर्धारित संख्या में गाड़ियां समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी तो भंडारण भी समय पर हो पाएगा।

### धरसींवा क्षेत्र के ...

दुकानों में भंडारण भी समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके कारण राशन दुकानों से हितग्राहियों को भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

### नहीं भरी सीटें, इसलिए ....

का मौका मिलेगा। प्रवेश के लिए छठवीं सूची 8 दिसंबर को जारी होगी। इस सूची में जगह प्राप्त करने वाले छात्रों को 9 दिसंबर को शाम 5 बजे तक प्रवेश लेना होगा। महाविद्यालयों में दाखिले के लिए यह अंतिम अवसर होगा। इसके बाद एससीईआरटी द्वारा किसी तरह का शेड्यूल जारी नहीं किया जाएगा।

### बीए-बीएससी बीएड ....

के बाद प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए डीएलएड अनिवार्य कर दिया गया है। इस कारण बीएड पाठ्यक्रमों में छात्रों का रूझान अपेक्षाकृत कम हुआ है।

## खबर संक्षेप

### गोदड़ीवाला धाम में 8 से शुरू होगा वर्सी महोत्सव



रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 8 से 10 दिसंबर तक संत बाबा गेलाराम साहेब का 17वां वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें देशभर के संत-महात्मा और भक्त शामिल होंगे। यह महोत्सव कई दिनों तक चलेगा और इसमें धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर जैसे सामाजिक आयोजन भी होंगे। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से व जलगांव साहेब के महंत साई देवीदास व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 8 दिसंबर सुबह 10 बजे हवन साहाब, 11 बजे झंडावंदन, 12.30 बजे अखंड पाठ साहेब का आरंभ होगा। साथ ही शाम 4.30 बजे से संतों एवं भजन मंडलियों द्वारा कीर्तन, भजन व सत्संग किया जाएगा। दूसरे दिन 9 को सुबह 11 बजे भगवान झूलेलाल की बहराणा साहेब और दोपहर 1 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा कई कार्यक्रम भी होंगे। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि ईसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतनानी ने देते हुए बताया कि मेगा ब्लड डोनेशन कैंप मंगलवार को एसएसडी ब्लड बैंक रायपुर के रामदेव मंधान एवं उनकी अनुभवी टीम द्वारा होगा। साथ ही डेंटल मेडिकल कैंप और नेत्र जांच शिविर 8 से 10 दिसंबर तक ग्वालानी डेंटल स्टूडियो के डा. ऊमा रोहरा ग्वालानी और सिटी आई सेंटर के सहयोग से लगाया जाएगा।

### नर्सिंग स्टाफ के पदनाम निर्धारित करने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नर्सिंग क्षेत्र में लंबे समय से नर्सिंग कर्मियों के लिए कोई भी सम्मानजनक पदनाम निर्धारित नहीं किया गया था। इन्हें "स्टाफ नर्स" के रूप में ही पहचाना जाता रहा है। नर्सिंग का पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और जिम्मेदारियाँ अन्य कई प्रोफेशनल कोर्सेज की तुलना में अधिक कठिन और व्यापक हैं। नर्सिंग एक उच्च स्तरीय प्रोफेशनल कोर्स है, जिसके अनुरूप पदनाम का निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए द नर्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर नर्सिंग स्टाफ को पदनाम निर्धारित करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नजीब अशरफ ने कहा कि पदनाम लागू होने से नर्सिंग स्टाफ को उचित पहचान और सम्मान मिलेगा। इससे पेशेवर स्तर पर स्पष्ट पदक्रम स्थापित होगा तथा नर्सिंग सेवाओं की गुणवत्ता और मनोबल दोनों में सकारात्मक बढ़ोतरी होगी।

## निधन

### प्रकाश कौर होरा



रायपुर। रायपुर निवासी प्रकाश कौर होरा का 3 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 दिसंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे ग्रैण्ड ग्रुप के चेयरमैन गुरुचरण सिंह होरा, सरदार दिलेर सिंह होरा, प्रीतपाल सिंह होरा की माता और तरणजीत सिंह, कमलजीत सिंह और सरबजीत सिंह होरा की दादी थीं।

### भानु कुमार अग्रवाल



रायपुर। स्वर्णभूमि, मोवा निवासी भानु कुमार अग्रवाल पिथौरा वाले का 3 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 दिसंबर को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे बजरंग लाल, महावीर प्रसाद और रामभगत अग्रवाल के बड़े भाई एवं सुनील, अनिल और संदीप अग्रवाल के पिता थे।

### नारायण प्रसाद पांडेय



रायपुर। ग्राम बड़गांव निवासी नारायण प्रसाद पांडे का 3 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को महादेव घाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे बिट्टू पांडे, राकेश पांडे एवं अंजू तिवारी के पिता थे।

### हज्जन कनीज फातिमा

रायपुर। बैजनाथपारा छोटापारा मस्जिद के सामने निवासी मरहूम अब्दुल जब्बार भाई (गद्दी वाले की) अहलिया हज्जन कनीज फातिमा का बुधवार को इंतेकाल हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। वे राजा, शकील की वालिदा थीं।

# एक्सरे की मशीन पखवाड़ेभर से बंद, एक ईसीजी मशीन के भरोसे इमरजेंसी के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

ओपीडी के बाद इमरजेंसी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को एक्सरे कराने भटकना पड़ रहा है। इमरजेंसी विभाग की मशीन पखवाड़े भर से बंद है और कमरे में ताला लटक रहा है। इसी तरह चेस्ट पेन की शिकायत पर की जाने वाली ईसीजी के लिए इस विभाग के डाक्टरों के पास एकमात्र मशीन है। इमरजेंसी एवं ट्रामा में रोजाना दो सौ से ज्यादा मरीज आते हैं, जिसमें से हर दूसरे शख्स को जांच की जरूरत होती है।

आंबेडकर अस्पताल में आवश्यक सुविधा और संसाधन जुटाने स्वशासी समिति की बैठक में अधिष्ठाता और चिकित्सा अधीक्षक की वित्तीय शक्ति बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इस आदेश का फिलहाल असर होता दिख नहीं रहा है। यहां ओपीडी टाइमिंग के बाद भी मरीजों का लगातार आना जारी रहता है। इन मरीजों की जांच और आवश्यक इलाज इमरजेंसी एवं ट्रामा में होता है। यहां आने वाले ज्यादातर मरीज गंभीर स्थिति वाले होते हैं ऐसे में उनकी समस्या के बारे में जानकर इलाज करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता होती है। यहां मशीन तो मौजूद है मगर वहां पिछले 15 दिन से खराब पड़ी है। काम के लायक नहीं होने की वजह से एक्सरे रूम में ताला लगा हुआ है। यहां आने वाले मरीजों एक्सरे कराने के लिए रेडियोडायग्नोसिस विभाग का रास्ता पकड़ना पड़ता है। कुछ ऐसा ही हाल वहां की ईसीजी मशीन का भी है जिसकी जरूरत चेस्ट पेन और पेट दर्द जैसी समस्या वालों को होती है। यहां एकमात्र मशीन होने की वजह से कई बार मरीजों को काफी देर इंतजार करना पड़ता है। ठंड के दिनों में चेस्ट पेन की समस्याएं बढ़ जाती है ऐसे में वहां जांच मशीनों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है।

## रोजाना दो सौ से ज्यादा मरीजों का विभाग में दबाव, हर दूसरे को जांच की जरूरत

### एल-2 ट्रामा कागजों पर

इमरजेंसी एवं ट्रामा के मरीजों के उपचार की सुविधा के लिए सालों पहले आंबेडकर अस्पताल में एल-2 ट्रामा की योजना बनाई गई थी जो अब तक कागजों से बाहर नहीं आ पाई है। निर्माण के नाम पर सालों पहले नींव की खुदाई और उसके बाद निर्माण स्थल में बदलाव की प्रक्रिया ही पूरी होती रही है। इस योजना को पूरा करने के लिए केंद्र शासन द्वारा सालों पहले अपने हिस्से की राशि ट्रांसफर कर चुकी है। राज्य शासन द्वारा अपना हिस्सा तय करने के बाद एल-2 ट्रामा के ऊपर क्रिटिकल केयर यूनिट का भवन बनाने की योजना बनाई गई। दोनों का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है।



फाइल फोटो

### नया भवन में ठंडे बस्ते में

अस्पताल के विस्तार के लिए यहां सात सौ बिस्तर की क्षमता वाला नया भवन बनाने की घोषणा की गई थी। सीजीएमएससी द्वारा इसके लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया ही पूरी की जा रही है। नई बिल्डिंग बनाने के लिए पुराने हॉस्टल को तोड़ना होगा जिसमें ही काफी वक्त लगने की संभावना है। इसके बाद नया भवन बनाने का काम शुरू होगा जिसके पूरे होने में सालभर से ज्यादा का वक्त लगने की संभावना है। जरूरतों के हिसाब से आंबेडकर अस्पताल पुराना भवन काफी छोटा पड़ रहा है। कई विभाग में इलाज के लिए एक बेड पर दो मरीजों को रखना पड़ता है।

## तालाबों में नालियों के गंदे पानी का शुद्धिकरण करने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

# महाराजबंध, खोखो और नरैया तालाब की एसटीपी हो रही तैयार, मशीन फिट, पंप-ब्लोअर का चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के महाराजबंध, खोखो और नरैया तालाब में जा रहा नालियों का गंदा पानी को उपचारित कर तालाबों का जलस्तर बढ़ाने के लिए स्थापित किया जाने वाला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 3 साल बाद भी शुरू नही हो पाया है। सिविल वर्क पहले ही पूरा कर लिया गया है, अब इलेक्ट्रो मेकैनिकल वर्क के तहत तीनों स्थानों पर मशीन फिट करने पंप और ब्लोअर का काम किया जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, इस माह के अंत तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन शुरू कर दिया जाएगा। जनवरी से शहर के 3 तालाबों मे स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पूरी क्षमता से कार्य करना शुरू कर देंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस कार्य के लिए पुणे की एजेंसी के साथ अनुबंध किया। 17 करोड़ खर्च कर तीन एसटीपी का निर्माण कराया गया है।

राजधानी के महाराजबंध, खोखो तालाब और नरैया तालाब में नालियों का गंदा पानी तालबों के जल को प्रदूषित कर रहा है। इसे उपचारित कर तालाबों का जलस्तर बढ़ाने रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा लाया गया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रोजेक्ट 3 साल इंतजार के बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। इसके कारण नालियों का गंदा पानी अभी भी इन 3 तालाबों के जल को प्रदूषित कर रहा है। महाराजबंध तालाब में 3 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट, खोखो और नरैया तालाब में जलशुद्धिकरण के लिए 1-1 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है।

नागपुर की समृद्धि वाटर वर्क कंपनी को इस कार्य का जिम्मा मिला है। 29 जुलाई 2022 को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया था। अनुबंध की शर्त अनुसार 1 साल की समय अवधि में यह कार्य पूरा करना था। 17 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में महाराजबंध तालाब में एसटीपी निर्माण के लिए करोड़ और नरैया तालाब तथा खोखो तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए 7 करोड़ की राशि तय रही।

लैंड इशू के कारण 1 साल तक काम शुरू नहीं हो पाया। इसके बाद अनुबंधित एजेंसी ने काम तो शुरू किया, पर काम की सुस्त रफ्तार के कारण निर्धारित समय में यह काम पूरा नहीं हो सका। कम मैनपावर रखने और एक साथ तीन तालाबों के एसटीपी निर्माण करने के कारण कार्य प्रभावित हुआ। काम में लेटलतीफी पर रायपुर स्मार्ट सिटी की ओर ठेका एजेंसी को नोटिस दिया गया और अपेक्षा अनुरूप काम नहीं होने पर महाराजबंध एसटीपी में 16 लाख, नरैया तालाब एसटीपी पर 8 और खोखो तालाब सीवरेज ट्रीटमेंट निर्माण में लेटलतीफी पर 8 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई।

## माहांत तक ट्रायल रनअप



### 5 साल तक संचालन व संधारण की शर्त शामिल

अनुबंध की शर्त के मुताबिक शहर के 3 तालाबों में गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए एसटीपी का निर्माण कराने वाली कंपनी को 5 साल तक एसटीपी की देखरेख संचालन व संधारण का कार्य खुद के खर्च पर करना है। ट्रीटमेंट प्लांट यदि जनवरी में शुरू होता है, तो इस अवधि से आने वाले 5 वर्ष तक एसटीपी का संचालन व संधारण नियम अनुसार अनुबंधित एजेंसी को करना है।

### तालाब के पानी में आक्सीजन की मात्रा कम इसलिए एसटीपी जरूरी

5 वर्ष पूर्व शहर के 14 तालाबों में पानी की जांच में आक्सीजन की मात्रा बेहद कम कम पाई गई। तालाबों के पानी में घुलनशील आक्सीजन की मात्रा 6 मिलीग्राम प्रति लीटर होनी चाहिए, लेकिन जांच के बाद इन तालाबों के पानी में आक्सीजन की मात्रा निर्धारित मानक से भी कम पाई गई। राजातालाब का पानी सबसे गंदा मिला था। यहां घुलनशील आक्सीजन की मात्रा 0.39 मिलीग्राम पाई गई। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय एजेंसी पर्यावरण आभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान नीरी, भोपाल हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड और रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम ने शहर के तालाबों में पानी का सैंपल लिया था। सैंपल की जांच नागपुर स्थित लैब से कराई गई। उस समय जिन तालाबों के पानी की जांच कराई गई उसमें राजातालाब, टिकरापारा स्थित नरैया तालाब, सिविल लाइन क्षेत्र के कटोरातालाब, पहलदवा तालाब, खोखो तालाब, कारी तालाब, धोबी तालाब, आमापारा तालाब, रामकुंड तालाब, कंकाली तालाब, बंधवा तालाब, डूमरतराई तालाब शामिल है।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, चार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मंदिर हसौद में मजदूरों की बाइक को ठोका, मोवा ओवरब्रिज में दो कार की आमने-सामने टक्कर

राजधानी की दो अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक मजदूर की मौत हो गई। चार अन्य घायल हुए हैं, एक घायल की स्थिति गंभीर है। एक्सीडेंट की घटना मंदिर हसौद तथा पंडरी थाना क्षेत्र में हुई है। पंडरी में दो कार की आमने सामने टक्कर में पिता-पुत्र सहित तीन लोग घायल हुए हैं। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से एक बाइक सवार एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल है। दोनों घटनाएं सोमवार की हैं।

ओडिशा, नुआपाड़ा निवासी देवराज राऊत अपने चाचा सनत राऊत के साथ बाइक में ओडिशा से रायपुर के रास्ते काम करने कुम्हारी, सिलतरा जा रहा था। रिंग रोड-3 मोड़ के पास रोड क्रास करते समय रायपुर से मंदिर हसौद जा रहे ट्रक ओडी 03 एई 9904 के चालक ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मारी। ट्रक की टक्कर से दोनों सड़क पर गिर पड़े। सनत की मौके पर ही मौत हो गई। देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया।

### कार की आमने सामने टक्कर में तीन घायल

एक अन्य घटना में राजेश कुमार अग्रवाल अपने बेटे शिखर के साथ सुबह छह बजे कार से जा रहे थे। मोवा ओवरब्रिज के ऊपर कार सीजी 04 एमपी 7009 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए राजेश की कार को सामने से टक्कर मार दी। एक्सीडेंट की घटना में राजेश अग्रवाल, शिखर तथा दूसरे कार में सवार चार चालक घायल हुए हैं। रास्ते से गुजर रहा राजेश का भतीजा अनुराग ने अपने चाचा और भाई को घायल देख कर निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

# थोक सब्जी मंडी गेट के पास गंदगी का आलम, सड़ी-गली सब्जियां फेंक रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम एक ओर जहां स्वच्छता अभियान चलाकर लगातार गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है, वहीं दूसरी ओर डूमरतराई स्थित थोक सब्जी मंडी के पास गंदगी का आलम बना हुआ है। थोक सब्जी विक्रेता मंडी गेट के बगल में खाली पड़े प्लाट में सड़ी-गली सब्जियों को फेंक रहे हैं, जिसे खाकर आवारा मवेशी बीमार हो रहे हैं। रोड से लगी इस गंदगी के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले लोग भी बदबू से परेशान हो रहे हैं, वहीं मंडी के आसपास कालोनी-बस्ती में इस गंदगी के कारण मच्छर एवं मक्खियों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है।

हरिभूमि ने बुधवार को आम व्यक्ति की शिकायत पर थोक सब्जी मंडी के पास गंदगी की पड़ताल की। इस दौरान मंडी गेट के बगल में खाली प्लॉट में कचरों का ढेर लगा हुआ था, वहीं इस कचरे के ढेर के पास ही दो से तीन जगह पर सड़ी-गली सब्जियां भी भारी मात्रा में पड़ी मिली। इन सड़ी-गली सब्जियों को 20 से 30 मवेशियों का झुंड खा रहा था। कुछ मवेशी तो इन सब्जियों को खाकर यहां अर्ध बेहोशी जैसी स्थिति में भी दिखी। आशंका जताई जा रही है कि सड़ी-गली सब्जियों के साथ मवेशियों ने यहां कचरे के ढेर में पड़ी पन्नी, कागज भी खा लिया होगा, जिससे वे बीमार हो गई।



### दो-तीन बार कर चुके हैं प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि सब्जी मंडी के आसपास रहने वाले रहवासियों ने पहले भी मंडी के पास में गंदगी और सड़ी-गली सब्जियों के फेके जाने के विरोध में दो से तीन बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने इसके बाद मंडी के सभी व्यापारियों को गंदगी नहीं फैलाने की हिदायत भी दी थी, लेकिन कुछ दिनों के बाद से यहां फिर गंदगी की जा रही है।

*जमीन की कीमत पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई*

# नई गाइड लाइन से रजिस्ट्री धड़ाम 21 दिनों में 70 प्रतिशत से कम हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नई गाइड लाइन लागू होने के बाद से रजिस्ट्री में लगातार गिरावट आ रही है। राजधानी रायपुर के पंजीयन कार्यालय में पिछले 21 दिनों में लगभग 1100 रजिस्ट्री हुई है। इस तरह प्रतिदिन औसतन 52 रजिस्ट्री हुई है, जबकि इससे पहले प्रतिदिन 100 से 200 तक रजिस्ट्री होती थी। रजिस्ट्री में आई इस गिरावट का कारण नई गाइड लाइन से जमीनों की बढ़ी कीमत है। इधर पंजीयन विभाग के अफसर का कहना है कि नई गाइड लाइन के आने के बाद रजिस्ट्री जरूर घटी है, लेकिन इसका कारण जमीन की कीमत का बढ़ना नहीं है। उनका कहना है कि नई गाइड लाइन को समझने में अभी लोगों को समय लगेगा। कई लोगों में यह भ्रम की स्थिति है कि जमीन की कीमत पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई है, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है और न ही इससे आम लोगों पर ज्यादा असर पड़ेगा।




### आम लोगों के हित में है

नई गाइड लाइन आम लोगों के हित में है। वर्ष 2018 के बाद से जमीन का शासकीय दर पर बाजार मूल्य बढ़ा नहीं था, जबकि में वास्तविक में कई गुना जमीन की कीमत बढ़ चुकी है। गाइड लाइन में दर कम होने की वजह से आम लोगों को बैंक से फाइनेंस कराने में परेशानी होती थी, जो नई गाइड लाइन के लागू होने से नहीं होगी।

*- विनोज कोचे, मुख्य पंजीयक, रायपुर*

### रजिस्ट्री घटने का असर फिलहाल कमाई पर नहीं

पंजीयन कार्यालय से मिले अनुमानित आंकड़ों के अनुसार रायपुर कार्यालय में 10 नवंबर से लेकर 1 दिसंबर तक की स्थिति में लगभग 11 सौ रजिस्ट्री हुई है। इस तरह औसतन हर दिन 52 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि लोगों ने प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराना कम कर दिया है। हालांकि स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क की कमाई में इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा है, क्योंकि नई गाइड लाइन से जमीन की कीमत बढ़ने से स्टाम्प और पंजीयन शुल्क भी बढ़ गया है। रजिस्ट्री कम हो रही है, लेकिन स्टाम्प और पंजीयन शुल्क तीन से पांच गुना तक बढ़ गया है, जिससे कमाई भी अच्छी हो रही है।

### पुराने सौदे की रजिस्ट्रियां ज्यादा

सूत्रों के अनुसार पंजीयन कार्यालय में नई गाइड लाइन के बाद से जो रजिस्ट्री हो रही हैं, उनमें ज्यादातर शासकीय प्रोजेक्ट से संबंधित मकान, फ्लैट तथा निजी प्रॉपर्टी में गाइड लाइन के लागू होने से पूर्व में हुए सौदे से संबंधित रजिस्ट्री हो रही है। बुधवार को पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने पहुंचे एक व्यक्ति ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उसने एक बिल्डर के माध्यम से मकान खरीदा है। इस मकान का सौदा नई गाइड लाइन लागू होने से पहले किया था। इसके एवज में उसने 4 लाख रुपए एडवांस राशि भी दे रखी थी, लेकिन शेष राशि बैंक से फाइनेंस कराने में लगभग दो महीने लग गए। इसके कारण रजिस्ट्री अब जाकर हो रही है।

# नवनिर्मित मकान से बिजली वायर चोरी

रायपुर। टिकरापारा थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ नवनिर्मित मकान से 40 हजार रुपए से ज्यादा के बिजली सामान चोरी कर ले जाए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आसिफ मेमन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आसिफ ने पुलिस को बताया है कि उसने चौरसिया कालोनी में नया मकान बनवाया है, जहां वे अभी शिफ्ट नहीं हुए हैं। घर में इलेक्ट्रिक वायरिंग करने आसिफ ने वायर खरीदा था, जिसे चोर चोरी कर ले गए। आसिफ ने घटना का सीसीटीवी फूटेज पुलिस को सौंपा है।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट

रायपुर। धरसींवा थाना में एक युवक ने तीन बदमाशों के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जागेश्वर निषाद ने दीपक निषाद तथा धर्मेन्द्र तथा छोटू आडिल के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जागेश्वर ने पुलिस को बताया है कि वह ड्यूटी से लौटने के बाद वह भूख लगने पर खाने का सामान खरीदने गया। रास्ते में धर्मेंद्र तथा दीपक, जागेश्वर के साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों लड़के तथा छोटू ने मिलकर जागेश्वर के साथ मारपीट की।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

रायपुर। गोलबाजार थाना में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक युवक ने दो बदमाशों के खिलाफ शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महासमुंद, पटेवा निवासी मनोज कांत दीवान ने आयान तथा रेहान खान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज कांत ने पुलिस को बताया है कि वह शास्त्री बाजार गया था। लौटते समय आयान तथा रेहान ने मनोज की बाइक रोक कर शराब पीने पैसा देने की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर दोनों बदमाशों ने मनोज कांत के साथ मारपीट की।

# अमलीडीह पुलिस कालोनी मार्ग पर 3 एकड़ निजी भूमि में अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुरुम रोड काटी, अवैध दीवाल तोड़कर लगाई रोक

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड के अमलीडीह पुलिस कालोनी जाने वाले मार्ग पर 3 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर निगम अमले ने रोक लगाई है। अवैध निर्माण कर बनाई गई दीवाल तोड़कर और वहां जाने का मार्ग जेसीबी मशीन से काटकर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई।

नगर निवेशक आभाष मिश्रा और नगर निगम जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, सहायक अभियंता सुशील अहीर की टीम ने बुधवार को अमलीडीह पुलिस कालोनी जाने वाले मार्ग में पेट्रोल पंप के बाजू में करीबन 3 एकड़ निजी भूमि पर अवैध निर्माण कर दीवार और अवैध मुरूम मार्ग बनाकर की जा रही अवैध प्लाटिंग को स्थल पर पहुंचकर श्रीडी मशीन की सहायता से अभियान चलाकर अवैध दीवाल तोड़ गिराई। इसके साथ ही अवैध मुरूम रोड काटकर वहां जाने का मार्ग अवरूद्ध करते हुए अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई।



## पेज 11 के शेष ...

### डीजीसीए के नए ....

इतना ही नहीं, रायपुर से दिनभर आवाजाही करने वाली फ्लाइटों के विलंब से आवाजाही करने के कारण यात्रियों को अपने सफर के लिए अतिरिक्त इंतजार करना पड़ा।

### टोकन कटने के .....

नहीं हो पा रहा है। निर्धारित संख्या में गाड़ियां समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी तो भंडारण भी समय पर हो पाएगा।

### धरसींवा क्षेत्र के ...

दुकानों में भंडारण भी समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके कारण राशन दुकानों से हितग्राहियों को भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

### नहीं भरी सीटें...

का मौका मिलेगा। प्रवेश के लिए छठवीं सूची 8 दिसंबर को जारी होगी। इस सूची में जगह प्राप्त करने वाले छात्रों को 9 दिसंबर को शाम 5 बजे तक प्रवेश लेना होगा। महाविद्यालयों में दाखिले के लिए यह अंतिम अवसर होगा। इसके बाद एससीईआरटी द्वारा किसी तरह का शेड्यूल जारी नहीं किया जाएगा।

### बीए-बीएससी...

के बाद प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए डीएलएड अनिवार्य कर दिया गया है। इस कारण बीएड पाठ्यक्रमों में छात्रों का रूझान अपेक्षाकृत कम हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पद्म भूषण चिन्ना जीयर स्वामी आज आएंगे रायपुर



**रायपुर।** पद्म भूषण से सम्मानित, वैदिक विद्वान, स्टैच्यू ऑफ़ इक्वालिटी के संस्थापक पूज्य चिन्ना जीयर स्वामी महाराज गुरुवार को सुबह 11 बजे हैदराबाद से नियमित विमान से रायपुर आ रहे हैं। स्वामी शदाणी दरबार तीर्थ आ रहें हैं। इस मौके पर भक्तों को सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक स्वामी जी के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा। स्वामी 4 दिसंबर को दोपहर 2 बजे संतराजाराम इंग्लिश स्कूल का शुभारंभ करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि स्वामी का आगमन रायपुर के लोगों के लिए आध्यात्मिक उत्थान, मार्गदर्शन और सद्भावना का क्षण है। समिति ने सभी भक्तों, सामाजिक संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। बीते वर्षों में स्वामी जी का यह तीसरा रायपुर प्रवास है। वे रात 9 बजे हैदराबाद वापस लौटेंगे।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त

**रायपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पंचायत विभाग के राष्ट्रीय महासचिव श्रीकांत कसेर के सहमति से और प्रदेशाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। साथ ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त कर संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जिसमें प्रभारी एवं कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुरजबल राजवाड़े कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, सरगुजा संभाग प्रभारी, विशाल तिवारी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, बिलासपुर संभाग प्रभारी, प्रांशु कसेर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, दुर्ग संभाग प्रभारी, रोहित वर्मा - कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, बस्तर संभाग प्रभारी प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामसुंदर साहू, उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, सुधीर शर्मा, संजय राजपूत, राजू त्रिपाठी, अजीत पाण्डेय, महामंत्री काजल यादव, बिनोश दर्रे, राजू परते, दुलारु यादव, दीपेश सिन्हा, शुभम, दुर्गेश साहू आदि को बनाया गया है।

### चरित्र शंका पर पत्नी-बेटी की हत्या, उम्रकैद

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व चरित्र शंका पर पत्नी तथा बेटी की हत्या करने वाले आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई। घटना के समय आरोपी का बेटा अपने मामा तथा दादा के साथ प्रकाश मुनि के कार्यक्रम के लिए तिथि लेने रायपुर आया था। इस दौरान आरोपी ने अकेलेपन का फायदा उठाते हुए अपनी पत्नी तथा बेटी की हंसिया से हमला कर हत्या कर दी। अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते के अनुसार कोर्ट ने योगेश कुमार वर्मा को कैद की सजा सुनाई है। योगेश ने 20 मई 2024 को अपनी पत्नी जानकी वर्मा तथा बेटी लवली उर्फ आरती की हत्या की थी। मृतका के बेटे विवेक ने थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह घटना दिनांक को सुबह साढ़े आठ बजे अपने दादा तथा मामा के साथ रायपुर आया था। शाम सात बजे जब घर पहुंचा, तो घर का दरवाजा बंद था।

# जल्द अस्त हो रहा सूरज, रोशनी भी मद्धम, इमरजेंसी लाइट तैयार रखेगा व्यापम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल अब उन केंद्रों में इमरजेंसी लाइट तैयार रखेगा, जहां भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। ऐसा अचानक बदलने वाले मौसम तथा सर्दियों को देखते हुए किया गया है। सर्द मौसम में सूरज जल्द अस्त हो जाता है। दोपहर में भी उसकी रोशनी मद्धम होती है। बदली-बारिश की स्थिति निर्मित होने पर कई केंद्र ऐसे होते हैं, जहां बिजली चले जाने की स्थिति में लगभग अंधकारमय स्थिति निर्मित हो जाती है। सप्ताह के प्रारंभ में केंद्राध्यक्षों की बैठक में आगामी परीक्षा के लिए निर्देश देते हुए आपातकाल के लिए रोशनी भी तैयार रखने कहा गया है। इसके पूर्व पिछली परीक्षा के दौरान आदेश जारी करते हुए व्यापम ने परीक्षार्थियों को स्वेटर पहनने की अनुमति दी थी।इसके लिए आधी बांह अथवा रंग की बाध्यता नहीं होगी, लेकिन जांच के दौरान अभ्यर्थियों को इसे निकालकर तलाशी देनी होगी।

अलग खबर

### जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 7 को




#### हुई थी बोनस अंक की मांग

इस वर्ष विभिन्न पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने के दौरान मौसम संबंधित व्यवधान उत्पन्न हुआ था। प्रो.जेएन पांडेय सहित कुछ केंद्र के छात्रों ने शिकायत करते हुए कहा था कि अंतिम समय में बिजली चले जाने के कारण कक्ष में पर्याप्त रोशनी नहीं थी। इसके चलते वे पर्चे सही तरीके से हल नहीं कर सके। विद्यार्थियों ने खत लिखते हुए बोनस अंक की मांग भी की थी। गौरतलब है कि व्यापम की आगामी भर्ती परीक्षा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत होने वाली अमीन भर्ती परीक्षा है। 7 दिसंबर को सुबह 12 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक 106 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 37889 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### निगम से इम्पेनल्ड आर्किटेक्ट ने सर्वे कर बनाया वार्ड एक्शन प्लान

# 17 मुक्तिधाम की बदलेगी दशा, पेयजल, सफाई पक्का शेड, प्रसाधन व्यवस्था पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

रायपुर नगर निगम के आउटर वार्ड सहित अन्य वार्ड के 17 मुक्तिधाम में व्याप्त अव्यवस्था अब दूर होगी। मूलभूत सुविधा की कमी से जूझ रहे श्मशानघाट का सर्वे कर वहां की जरूरत और लोगों की मांग को देखते हुए वार्ड एक्शन प्लान बनाया गया है। निगम से इम्पेनल्ड 10 आर्किटेक्ट के सर्वे और स्थानीय पार्षद, क्षेत्र के विधायक, सांसद और महापौर से राय मश्विरा के बाद इस तरह के 17 कार्यों का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजा गया है। इस कार्य में 11 करोड़ का खर्च अनुमानित है। शासन से इसकी स्वीकृति मिलते ही संबंधित इलाकों में मुक्तिधाम की दशा सुधारने टेंडर किया जाएगा।

■ 17 कार्य के लिए 11 करोड़ का प्रस्ताव, मंजूरी के लिए शासन को भेजा

हरिभूमि सरोकार

दरअसल, रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में दिवंगतों अंतिम संस्कार के लिए बनाए गए मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। आउटर वार्ड में इससे भी ज्यादा बदतर स्थिति देखने को मिल रही है। हरिभूमि ने आम जनता को होने वाली इसी परेशानी को ध्यान में रखकर रायपुर भूमि के 28 नवंबर के अंक में मुक्तिधाम में ऐसी व्यवस्था, न पानी न शेड, लाइट भी नहीं, मृतकों को चैन नहीं, मार्ग उबड़ खाबड़, परेशानी शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसे संज्ञान में लेते हुए निगम प्रशासन ने मुक्तिधामों में व्याप्त अव्यवस्था और वहां की जरूरत को वार्ड एक्शन प्लान में शामिल कर 17 मुक्तिधाम की दशा सुधारने पहली की गई है।







#### इन स्थानो के मुक्तिधाम की बदलेगी दशा

| | |
|---|---|
| जोन 1 कविलाश नगर मुक्तिधाम, जीर्णोद्धार कार्य | 1 करोड़ 39 लाख रुपए |
| जोन 2 मौहदापारा कब्रिस्तान-1 जीर्णोद्धार कार्य | 49,98 लाख रुपए |
| मौहदापारा कब्रिस्तान क्रमांक 2 जीर्णोद्धार कार्य | 48.10 लाख रुपए |
| देवेंद्र नगर मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य | 49.98 लाख रुपए |
| जोन 3 कुष्ठ बस्ती मुक्तिधाम में आवश्यक कार्य | 48-85 — |
| मारवाड़ी मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार | 27.22 लाख रुपए |
| चंद्रशेखर आजाद वार्ड मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य | सवा करोड़ रुपए |
| शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित क्रिश्चयन कब्रिस्तान जीर्णोद्धार कार्य | 75 लाख रुपए |
| पारसी कब्रिस्तान की जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण | 75 लाख रुपए |
| भाठागांव मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण | 75 लाख रुपए |
| रामनगर मुक्तिधाम की जीर्णोद्धार कार्य | 49.45 लाख रुपए |
| महादेवघाट में मुक्तिधाम विकास कार्य | 28.97 लाख रुपए |
| कचना मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य | 1 करोड़ 23 लाख रुपए |
| देवपुरी मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य | 52.48 लाख रुपए |
| डूमतराई मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य | 84.75 - |
| अमलीडीह मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य | 31.79 - |
| रानी दुर्गावती वार्ड पुरैना मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य | 46.66 लाख रुपए |

# मांगों को लेकर जयस्तंभ पहुंचे दिव्यांगजन हिरासत में लिए गए कांग्रेस ने दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिव्यांग दिवस के अवसर पर जयस्तंभ चौक पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन अपनी लंबित मांगों को लेकर शांतिपूर्वक एकत्रित हुए। वे पिछले एक वर्ष से अपनी समस्याओं और अधिकारों के लिए आंदोलनरत हैं तथा सरकार से लगातार अपनी मांगों पर कार्रवाई की अपील कर रहे हैं। दिव्यांग दिवस मनाने पहुंचे इन दिव्यांगजनों को पुलिस प्रशासन द्वारा अचानक हिरासत में लेकर पुलिस लाइन स्थित पुलिस ग्राउंड ले जाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई ने जिलेभर के सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों में आक्रोश पैदा कर दिया है।

■ पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक साल से आंदोलनरत हैं दिव्यांगजन

इस घटना की जानकारी मिलते ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय तुरंत पुलिस ग्राउंड पहुंचे और दिव्यांगजनों से मुलाकात कर अपना समर्थन दिया। शहर अध्यक्ष ने कहा, दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग भाइयों बहनों को हिरासत में लेना बेहद संवेदनहीन और निंदनीय कदम है। दिव्यांगजन अपने हक के लिए शांतिपूर्ण ढंग से संघर्ष कर रहे हैं और सरकार उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, दिव्यांगजन समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग हैं। इन्हें सुरक्षा और सहयोग देने के बजाय पुलिस कार्रवाई करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, दिव्यांगजनों के साथ सरकार का यह व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। वे अपने वैध अधिकारों के लिए पिछले एक साल से सड़कों पर हैं, लेकिन सरकार उनकी सुनने को तैयार नहीं। कांग्रेस उनके अधिकारों और सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# नामी कंपनियों की नकली दवाओं के संदेह में पुडुचेरी में छापेमारी, छत्तीसगढ़ में भी अलर्ट

### बीस नामी कंपनियों की नियमित उपयोग वाली दवाएं मिलीं, जांच के लिए भेजे गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नामी कंपनियों की एंटीबायोटिक, एलर्जी, हार्ट एवं शुगर, बीपी जैसी दवाओं के नकली होने के संदेह में पुडुचेरी में लिए गए सैंपलों के बाद जारी अलर्ट के आधार पर छत्तीसगढ़ में दवा बाजार पर निगरानी रखी जा रही है। औषधि विभाग की जांच शाखा द्वारा आगरा में पकड़ी गई 72 करोड़ की दवाई के बाद यह कार्रवाई की गई है। आशंका इस बात की है कि नकली दवाएं यूपी समेत अन्य राज्यों में खपाई जाती हैं।

■ आगरा में पकड़ी थी 72 करोड़ की दवाई, यूपी समेत अन्य राज्यों में सप्लाई होने का संदेह

औषधि विभाग ने पिछले दिनों आगरा में नकली दवा बनाकर बाजार में खपाने वाले सिंडीकेट का भंडाफोड़ किया था। वहां कुछ लोगों के पकड़ाने के बाद पूछताछ के आधार पर वहां की जांच टीम ने पुडुचेरी की कुछ फैक्ट्री में छापेमारी कर भारी मात्रा में तैयार की गई दवा पकड़ी थी।

इस दौरान जांच टीम ने वहां से बरामद 34 ऐसी दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है, जो नामी कंपनियों की हैं और नियमित तथा सामान्यतः उपयोग में आने वाली दवाएं हैं। उत्पाद बड़ी कंपनियों की होने की वजह से इनकी सप्लाई देशभर में होती है। विभाग द्वारा सतर्कता बरतते हुए इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि दवाएं नकली हैं अथवा नहीं, इसकी पुष्टि रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

मिली सूचना के आधार पर जिलों के औषधि निरीक्षकों को सजगता बरतने के निर्देश दिए गए हैं, हालांकि यहां दवाओं को लेकर किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है। आगरा और पुडुचेरी में पकड़े नकली दवा के कारोबार में संलिप्त लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि दवाओं की सप्लाई यूपी के अलावा और किन राज्यों में की गई है।



#### भुने चने के लिए जाएंगे सैंपल

भुने हुए चनों में मिलाए जाने वाले ऑरामाइन-ओ जैसी इंडस्ट्रियल डाई सेहत के लिए खतरनाक है। सोशल मीडिया में वायरल रील और महाराष्ट्र की राज्यसभा सांसद द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखे गए पत्र के बाद राज्य में इसकी जांच की जाएगी। एहतियात के तौर पर जारी किए निर्देश के बाद राज्य के खाद्य निरीक्षकों को भुने चने के सैंपल उठाने के निर्देश दिए गए हैं। कंट्रोलर दीपक अग्रवाल ने बताया कि खाद्य निरीक्षकों से कहा गया है कि वे चना फैक्ट्री में जाकर जांच करें और संदेह होने पर क्वालिटी चेक करने के लिए नमूने एकत्रित करें। सूत्रों के मुताबिक राज्य में अब तक इस तरह भुने हुए चनों के सैंपल नहीं लिए गए हैं।

# घनी बस्ती के बीच दो घरों में लगी आग तीन गैस सिलेंडर फटे, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कचना स्थित रेलवे फाटक के पास सटी घनी बस्ती वाले आबादी क्षेत्र गणेश नगर में दो घरों में आग लगने से तीन रसोई गैस सिलेंडर में एक के बाद एक विस्फोट हो गया। गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से लोग दहशत में आ गए। लोग आनन-फानन में जिस हालत में थे ,उस हालत में अपने-अपने घरों से बाहर निकल कर भागने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस तथा दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

■ लोग दहशत में जिस हालत में थे उस हालत में घर से बाहर निकले

■ घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र के गणेशराम नगर की

पुलिस के अनुसार घटना सुबह साढ़े नौ-दस बजे की है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक एक झोपड़ीनुमा घर में पहले आग लगी। घर में आग लगने पर घर के लोग डरकर घर से बाहर निकले। देखते ही देखते आग ने दूसरे घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। घर में आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड तथा पुलिस को दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती, लोगों ने तीन धमाके सुने। धमाके की आवाज से लोग बुरी तरह से सहम गए।



#### जहां सिलेंडर फटा वहां 12 सौ की आबादी

जहां आगजनी की घटना हुई, वह कचना रेलवे फाटक से सटा हुआ इलाका है। रेलवे ट्रैक के पास करीब ढाई से तीन सौ के करीब झोपड़ीनुमा मकान हैं। समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया, इससे एक बड़ी घटना टल गई। ज्यादातर के मकान टिन शेड, बांस-बल्ली से बने हैं। आग पर काबू नहीं पाने की स्थिति में आग तेजी से फैलती।

#### आग बुझा रहे लोग डरकर भागे

फायर ब्रिगेड के आने से पहले लोग दोनों घर में लगी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। उसी दौरान सिलेंडर फटने की घटना हुई। सिलेंडर फटने से आग बुझा रहे लोग मौके से जान बचाकर भागे। गैस सिलेंडर फटने की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। सिलेंडर फटने पर आसपास की महिलाएं डर के मारे चिल्ला रही थीं। घर में रहने वाले लोग जिस हालत में थे उसी हालत में अपने-अपने घरों से बाहर निकले।

### आज से शुरू होगा गिरावट का दौर, बढ़ेगा ठंड का अहसास

**रायपुर।** हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से अगले 24 घंटे में तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने की उम्मीद है। पारा 2 से 3 डिग्री नीचे जाने की वजह से ठंड का अहसास बढ़ने की उम्मीद है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और रायपुर का 14 डिग्री सेल्सियस के करीब है। ठंडी हवा का प्रभाव अगर ज्यादा होता है, तो सरगुजा संभाग में शीतलहर के हालात बन सकते हैं। राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होने लगा है, जिससे ठंड की वापसी होने वाली है। नमी युक्त हवा के शुष्क और सर्द होने की वजह से रात के तापमान में गिरावट आने के आसार बन गए हैं। इसका प्रभाव गुरु-शुक्रवार की दरम्यानी रात से महसूस होने की संभावना है। माना जा रहा है कि अगले तीन से चार दिन तक तापमान में गिरावट आने से ठंडकता बढ़ेगी। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ। रात में सामान्य ठंड का अहसास हुआ और दिन में धूप में तेजी का अहसास हुआ।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


### सभी राज्यों के शीर्ष व्यापार और उद्योग नेताओं के संचालन बोर्ड की दिल्ली में 4 को बैठक

# नई दिल्ली में मई में लगेगा भव्य स्वदेशी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्टअप, इको सिस्टम और लघु उद्योगों सहित कारीगरों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भव्य स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। कैट ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष 2026 के मई माह में स्वदेशी मेला 2026 आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह मेला मई में नई दिल्ली के प्रगति मैदान पर ऐतिहासिक रूप से आयोजित होगा।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्ट-अप लघु उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई और मेड इन इंडिया उत्पादों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए कैट ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सबसे भव्य स्वदेशी मेला-2026" आयोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पदाधिकारियों ने बताया कि गत 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैट को स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव दिया था। अमर पारवानी ने बताया कि यह मेला न केवल भारत के व्यापार, उद्योग और कारीगरी की शक्ति को प्रदर्शित करेगा, बल्कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय उद्यमशीलता को नए शिखर तक ले जाने का सबसे बड़ा मंच बनेगा। देशभर के उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों व छोटे निर्माताओं के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है कि वे अपने उत्पादों और नवाचारों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों के सामने प्रस्तुत कर सकें।




श्री पारवानी ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति डॉ. राम गोपाल गोयल की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय संचालन बोर्ड विशेष रूप से गठित किया गया है। इस बोर्ड में देश के सभी राज्यों के व्यापार एवं उद्योग जगत से जुड़े 65 अनुभवी और प्रभावशाली सदस्य शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA: Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



स्पेशल बच्चों ने केनवास पर रंगों से....




### पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने स्टेडियम में पहुंचे 65 हजार से अधिक दर्शक

# विराट और रोहित ने रायपुरियंस का जीता दिल शतक ने बनाया यादगार, हर बॉल पर मनाया जश्न

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच बुधवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर विराट और रोहित के नाम की गूंज दिनभर सुनाई देती रही। करीब 65 हजार से अधिक दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में हर ओर एक ही आवाज़ गूंज रही थी विराट... विराट!, रोहित... रोहित! भारत को भले ही हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से रायपुरियंस का दिल जीत लिया।



**रायपुर।** मैच की शुरुआत से ही माहौल एक उत्सव की तरह था। भारतीय बल्लेबाज़ों के हर चौके-छक्के पर दर्शक झूम उठे। यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने आक्रामक शुरुआत कर दर्शकों में ऊर्जा भर दी। लेकिन, असली जादू उस वक्त देखने को मिला जब रोहित के आउट होने के बाद विराट कोहली की एंट्री हुई। स्टेडियम में जैसे बिजली दौड़ गई हो। चारों ओर सिर्फ एक ही नाम विराट विराट! लंबी, धैर्यपूर्ण और क्लासिक बल्लेबाज़ी करते हुए कोहली ने शानदार शतक जड़ा और अपनी परफॉर्मेंस से फैंस का दिल जीत लिया। दर्शकों की दीवानगी इतनी थी कि कई लोगों ने खिलाड़ियों के नाम वाली टी-शर्ट पहन रखी थी तो कई सिर्फ उनकी एक झलक पाने आए थे। पूरे मुकाबले के दौरान हर गेंद, हर शॉट को लोगों ने पर्व की तरह मनाया। भले ही टीम इंडिया मैच जीत नहीं पाई, पर खिलाड़ियों के जज़्बे और विराट व ऋतुराज के शतकों ने इस दिन को रायपुर और उसके क्रिकेट प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक बना दिया।

## तिलक वर्मा की हैरतअंगेज़ फिल्डिंग ने जीता दिल

मुकाबले में सिर्फ बल्लेबाज़ों ही नहीं, बल्कि फील्डरों की परफॉर्मेंस ने भी दर्शकों को रोमांचित किया। विशेष रूप से तिलक वर्मा ने अपनी शानदार फील्डिंग से स्टेडियम में मौजूद 65 हजार से अधिक दर्शकों का दिल जीत लिया। मैच के दौरान तिलक ने बाउंड्री के पास हैरतअंगेज़ एक्शन दिखाया। छक्का जा रही गेंद को रोकने के लिए उन्होंने कूदकर कैच पकड़ा, गेंद को बाउंड्री के अंदर फेंक दिया और फिर खुद उठकर तेजी से बॉल टीम के लिए वापस फेंकी। इस बेहतरीन प्रयास से टीम ने कीमती 4 रन बचाए, जिससे मैच का रोमांच और बढ़ गया। रोमांचक मुकाबले में सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि स्टेडियम में भी दर्शकों में बॉल पकड़ने और फोटो खींचने की होड़, जोश और उत्साह का स्तर ऊंचा रहा। जब किसी बल्लेबाज़ का छक्का दर्शकों के पास पहुंचता तो दर्शकों में बॉल पकड़ने और फोटो खींचने की होड़ लग जाती। मैच के दौरान हर स्टैंड में लोग बॉल को छूने और यादगार तस्वीरें लेने के लिए आगे बढ़ते दिखे।













### चेहरे और जर्सी में इंडिया, स्टेडियम में विराट-रोहित का जादू

*मैच देखने आए फैंस ने चेहरों पर इंडिया पेंट करवा कर टीम के लिए समर्थन दिखाया। छोटे-छोटे बच्चे विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए स्पेशल मैसेज लेकर आए हुए थे, और पूरे स्टेडियम में केवल विराट और रोहित की जर्सी ही दिखाई देती रही। जब खिलाड़ी बाउंड्री लाइन के पास आए तो बच्चे और बड़े दर्शक उन्हें निहारते और उत्साह के साथ पुकारते रहे।*





### हर गेंद पर झूमते रहे दर्शक स्टेडियम में बना उत्सव

मैच के दौरान बल्लेबाज़ी हो या गेंदबाज़ी, हर बॉल पर स्टेडियम में मौजूद फैंस झूमते और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल को रोमांचक बनाए रखते दिखे।





### मैच खत्म होने के बाद गाड़ियों की लगी लंबी जाम

*मैच खत्म होने के बाद स्टेडियम के बाहर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं। इसका असर टाटीबंध तक दिखाई दिया। मैच में करीब 40 हजार से अधिक गाड़ियां पहुंची थीं और एक साथ बाहर निकलने की वजह से जाम लग गया।*

## धर्म लाइव

# दत्तात्रेय मंदिर में आज भक्तिभाव से मनाया जाएगा दत्तात्रेय जन्मोत्सव



**रायपुर।** ब्रम्हपुरी स्थित प्राचीन दत्तात्रेय मंदिर में 27 नवंबर से 06 दिसंबर तक मनाए जा रहे दस दिवसीय दत्तात्रेय जयंती महोत्सव की श्रृंखला में गुरुवार को दत्तात्रेय जन्म उत्सव भक्तिभाव से मनाया जाएगा। इसमें सुबह 09 से रात 11 बजे तक विभिन्न आयोजन होंगे। सुबह 09 बजे दत्त प्रभु, गुरु गोरखनाथ और भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक आचार्य पं. राजु शर्मा एवं पं. माधो प्रसाद पाठक सहित 11 वेदाचार्यों द्वारा सस्वर रुद्र पाठ किया जाएगा। दोपहर 11 बजे सत्यनारायण कथा-पूजन, हवन, आरती, संध्या 6 बजे धर्म ध्वजा का आरोहण महंत रामसुंदर दास द्वारा किया जाएगा। इसके बाद गुरु चरित पाठ, दत्त प्रभु जन्म अध्याय का पठन पं सुबोध पाण्डे द्वारा, जन्म उत्सव, छप्पन भोग, भव्य आतिशबाजी, महाआरती, प्रसाद वितरण, रात में भजन संध्या में मिले सुर मेरा तुम्हारा टीम महाराष्ट्र मंडल द्वारा सुरमयी भजन प्रस्तुति दी जाएगी।

### भोजन प्रसादी बनाकर दत्त प्रभु को लगा रहे भोग

बुधवार को सुबह गुरु चरित पाठ पं. सुबोध पांडे द्वारा किया गया। दोपहर में साई मंदिर, वल्लभ नगर केन्द्र द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। इसमें नंदा अगस्ती, विजया चौधरी, सुलभा विठालकर, मीना चांदे, शोभा पाटिल, रोहिणी चिमोरे, अपर्णा देशमुख, राखी नामदेव, श्यामली कुमरे प्रमुख रूप से शामिल थी। कार्यक्रम का संचालन हेमा ताई बर्वे और करुणा मूंदड़ा ने किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि वल्लभ अग्रवाल ने बताया कि हिन्दू समाज के हर वर्ग ने सम्मिलित रूप से शिरकत की। दत्तात्रेय मंदिर में इन दस दिनों में सामाजिक समरसता के साथ ही कई क्षेत्रीय भाषाओं में भजन के साथ हजारों श्रद्धालुओं से दान में प्राप्त अनाज, तेल, मसाले से भोजन प्रसादी बनाकर दत्त प्रभु को भोग लगाया जाता है।

## समाज लाइव

# पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर जर्नी ऑफ सिंधीस का पास



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत ने बुधवार को झूलेलाल धाम, श्यामनगर में कार्यकारिणी की बैठक शाम 5 बजे की। जिसमें जर्नी आफ सिंधीस नाटक से संबंधित विषयों पर सामूहिक चर्चा करके निर्णय लिए गए। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी और इंदर डोडवानी के साथ महामंत्री जीतू बडवानी- राधाकिशन सुंदरानी ने सभा का संचालन करते हुए कहा कि रविवार को होने वाले नाटक में युवा वर्ग को विभाजन की कहानी बताई जाएगी। यहां वरिष्ठों के समक्ष मुख्यतः भाषा की समस्या एवं जीविका चलाने की समस्या प्रमुख थी। पंचायत अध्यक्ष अमर गिदवानी, संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, छग चेम्बर आफ कामर्स अध्यक्ष सतीश थौरानी ने सभा में बताया कि सिंधी महापंचायत, मेकाहारा अटल सभागृह में 7 दिसंबर को शाम 5 बजे से जर्नी आफ सिंधीस नाटक का मंचन करने जा रही है। उक्त जानकारी पंचायत के प्रवक्ता दिनेश अठवानी ने दी।

### निर्देशक मोहित सेवानी की टीम मंच पर देगी प्रस्तुति

इसमें मुम्बई के निर्देशक मोहित सेवानी एंड टीम (23 कलाकार) द्वारा एक भव्य शो किया जाएगा। इसमें मोहित सेवानी एवं उनके कलाकारों द्वारा बताया जाएगा कि भारत को आजादी के बाद किस तरह वरिष्ठ सिंध प्रदेश से अन्य प्रदेशों में केवल इसलिए आए थे, जिससे सनातन धर्म सुरक्षित रहे। कई त्रासदी से गुजरते हुए बुजुर्गों ने न केवल अपना स्थान बनाया, बल्कि आने वाली पीढ़ी का रास्ता भी सरल बनाया। समाज ने स्वयं को स्थापित करने के साथ ही, देश की प्रगति में औसत से कई गुना अधिक योगदान दिया है। इस बात को पूरा देश मानता है।

## सिटी लाइव

# कृत्रिम अंग देते हुए संस्था के लोगों ने किया सम्मान




**रायपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन बुधवार को संबल केन्द्र, आईडीएसएमटी कॉम्प्लेक्स, गांधी मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु तथा संयुक्त संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित हुए। इस अवसर पर चिन्हांकित लाभार्थियों को 24 श्रवण यंत्र, 6 बैसाखी एवं 4 वॉकर का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थित पैरालंपिक खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, बिलासपुर, धमतरी, बलौदाबाजार एवं दुर्ग जिलों से आए दिव्यांग खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया।

### संबल योजना का भी किया शुभारंभ

खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वे नियमित अभ्यास कर रग्बी, आर्म रेसलिंग, क्रिकेट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की संबल योजना का शुभारंभ भी किया गया। इस योजना के अंतर्गत कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के सुधार के लिए विशेष केन्द्र का संचालन किया जाएगा, जिससे दिव्यांगजन अधिक प्रभावी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। विधायक सुनील सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजन किसी भी दृष्टि से कम नहीं हैं। यदि उन्हें अनुकूल वातावरण, आवश्यक सुविधाएं एवं उपयुक्त सहयोग मिले तो वे शिक्षा, खेल, विज्ञान, कला सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने की क्षमता रखते हैं।

---

सृष्टि स्पेशल स्कूल, रोहिणीपुरम में सुरूज ट्रस्ट ने विशेष बच्चों के लिए किया चित्रकला वर्कशॉप 'उड़ान हमारी' का आयोजन

# स्पेशल बच्चों ने केनवास पर रंगों से उकेरी अपनी दुनिया अद्भुत कला प्रतिभा का प्रदर्शन कर दिखाई सक्षमता

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सृष्टि स्पेशल स्कूल, रोहिणीपुरम में सुरूज ट्रस्ट द्वारा विशेष बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण चित्रकला कार्यशाला 'उड़ान हमारी' का आयोजन किया गया। इसमें स्पेशल बच्चों ने अपने भाव और विचारों को केनवास पर विविध रंगों से साकार रूप दिया। इंदिरा कला-संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 18 वर्षीय विशेष चित्रकार स्पर्श ने अपने ही जैसे 30 स्पेशल बच्चों के साथ मिलकर रंगों के माध्यम से अपनी विचारों, भावों और व्यवहारों को केनवास पर साकार रूप दिया।

**रायपुर।** कार्यशाला के आयोजक सुरूज ट्रस्ट की अध्यक्ष दीप्ति ओग्रे ने बताया कि विशेष चित्रकार स्पर्श इंदिरा कला-संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में बीए इन फाइन आर्ट का मेधावी स्टूडेंट्स है। उनके साथ ही अन्य 30 विशेष बच्चें भी अद्भुत चित्रकला प्रतिभा से सक्षम हैं। इन सभी विशेष बच्चों ने मिलकर प्रकृति के सुंदर रूपों को अपनी भाव से रंग भर कर विविध रूप दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल बच्चों की कला प्रतिभा को उभारने, बल्कि उनके परिवारों को सशक्त और जागरूक बनाने का एक प्रयास रहा। कार्यशाला में स्पर्श, जो स्वयं एक विशेष कलाकार हैं, उन्होंने अपने समान 30 बच्चों को रंगों की दुनिया से परिचित कराते हुए उनकी कल्पनाओं, भावनाओं और संवेदनाओं को पेपर पर उतारने के लिए प्रेरित किया। इस सत्र में बच्चों के साथ आए उनके परिवारों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यशाला की विशिष्टता परिवारों के लिए आयोजित काउंसलिंग सत्र रहा, जिसका संचालन संगीता धुरंधर और मिनेश साहू द्वारा किया गया।







### दिव्यांग बच्चों को सक्षम बनाने फैमिली का प्यार और देखभाल जरूरी

कार्यक्रम में उपस्थित काउंसलर्स ने फैमिली को परामर्श देते हुए बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए उनके परिवार का साथ, प्यार और देखभाल उनको अंदर से मजबूती देता है। अच्छे व्यवहार और वातावरण देकर उन्हें सामान्य बच्चों की तरह जीवन जीने की कला विकसित किया जा सकता है। दिव्यांग बच्चों के फैमिली ने बच्चों से जुड़ी अपनी जिज्ञासाओं और चिंताओं पर खुलकर विशेषज्ञों से सवाल पूछे, जिनका जवाब विशेषज्ञों ने व्यावहारिक रूप से दिया। विशेषज्ञों ने बच्चों के व्यवहार, शिक्षा, दिनचर्या, भावनात्मक संतुलन सहित सभी विषयों पर मार्गदर्शन दिया। यह समझाया गया कि इन बच्चों की सबसे बड़ी असली हिम्मत उनका परिवार ही है। परिवार यदि धैर्य, सहयोग और सकारात्मकता के साथ खड़ा रहे तो बच्चा सामान्य जीवन की ओर बढ़ सकता है।

### जागरूकता बढ़ाने अब से वर्ष मनाने का संकल्प

सुरूज ट्रस्ट की अध्यक्ष दीप्ति ओग्रे ने कहा, एक अच्छे और स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है, जब सभी को समान अवसर दिए जाए। मानसिक विकलांगता को लेकर हमारे समाज में अब भी जागरूकता की कमी है। अक्सर किसी बच्चे का आईक्यू लेवल कम होने पर उसे तुरंत 'मानसिक रूप से कमजोर' कह दिया जाता है, जबकि हर समस्या का समाधान हमारे आस-पास ही मौजूद होता है। यह चित्रकला कार्यशाला बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने और काउंसलिंग सत्र परिवारों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन पूरी दुनिया विश्व विकलांग दिवस मना रहा है, उसी दिन सुरूज ट्रस्ट ने इस विशेष दिन को 'उड़ान हमारी' नाम देकर एक नई परंपरा की शुरुआत की है, जिसे हर वर्ष मनाने का संकल्प लिया गया है।



### पैरों से रंग भर जीवंत चित्र बनाया

स्पेशल चित्रकार प्रिया केशरवानी ने पैरों से केनवास पर रंग भर प्रकृति की सुंदर व जीवंत चित्र खींची। आयोजन में प्रिया ने अपनी अद्भुत चित्रकला प्रतिभा से अपनी सक्षमतास को साबित किया। इसी तरह अन्य प्रतिभागी स्पेशल बच्चों ने बोलती चित्र बनाकर अपने-अपने कला प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में उपस्थित फैमिली मेंबर्स, टीचर्स, विशेषज्ञ सभी ने स्पेशल बच्चों के सक्षमता को देख गौरवान्वित हुए। सभी ने स्पेशल बच्चों की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और खूब प्यार, दुलार दिया।

### केट काटकर किया सेलिब्रेट

विश्व दिव्यांग दिवस को बच्चों साथ फैमिली, टीचर्स, विशेषज्ञ सभी ने केट काट कर सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर गीत-संगीत भी गुनगुनाए गए। इस तरह विश्व दिव्यांग दिवस को सबने मिलकर यादगार बनाया। स्पेशल बच्चों के साथ फैमिली व टीचर्स ने ग्रुप फोटो सेशन भी किया। इस आयोजन में शामिल होकर स्पेशल बच्चों के चेहरे पर खुशियां बिखर गईं। परिवार भी आयोजक संस्था का आभार करते नहीं थके।

---

# ग्रीन समिट वृक्षारोपण अभियान के तहत लोगों ने रोपे 150 पौधे



**रायपुर।** सस्टेनेबल सिनर्जी ट्रेडिशनली फ्यूचरिस्टिक के तहत पौधारोपण का सफल आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट के इस द्वितीय संस्करण के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में प्लांटेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों के साथ की गई। जिसने वातावरण को सांस्कृतिक ऊर्जा से सराबोर किया। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, विबग्योर एनएफ फाउंडेशन, महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज और आई.आई.टी. भिलाई के संयुक्त प्रयास से ग्रीन समिट किया जा रहा है। इस सामूहिक अभियान में कुल 150 पौधों का रोपण किया गया। इनमें आम, जामुन, अमरुद, कटहल जैसे फलदार पौधे प्रमुख रूप से शामिल हैं। कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने माताजी के नाम से एक पौधा समर्पित किया। पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय जैव- विविधता और फलदार पौधों के बारे में सामाजिक-आर्थिक महत्व पर जानकारी भी साझा की।

### पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना

*उन्होंने कहा एक पौधा लगाना केवल प्रकृति संरक्षण नहीं, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों को दिया गया जीवन का उपहार है। इस खास अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. शैलेन्द्र पटेल, ग्रीन समिट के संयोजक प्रो. केशवकांत साहू, शुखदीप चौधरी, डॉ. जासमिन जोशी, प्राचार्य महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, एनएसएस समन्वयक डॉ. एलएस गजपाल मौजूद थे। प्रो. दीपेन्द्र सिंह, प्रो. अम्बर व्यास, डॉ. इन्द्रपाल, प्रो. मधुलता बारा, डॉ. गोविंद साहू ने अवसर को खास बनाया। सभी प्रतिभागियों ने रोपे गए पौधों की देखभाल और निगरानी का संकल्प लिया। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना, विश्वविद्यालय में हरित और सतत विकास की दिशा में सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना था।*

# बच्चों में वितरित की शैक्षणिक सामग्री, मंदिरों में किया भंडारा



**रायपुर।** दिव्यांग बच्चों की सेवा के साथ ही मंदिरों में भंडारा किया गया। सीनियर सिटीजन के बीच प्रमोद दुबे आशीष लेने पहुंचे। सादगी पूर्ण ढंग से निगम के पूर्व महापौर एवं सभापति प्रमोद दुबे ने अपना जन्मदिन दिव्यांग बच्चों की सेवा करते हुए मनाया। हनुमान मंदिर में भंडारा एवं अपने कार्यकाल में बनाए उद्यान में सीनियर सिटीजन के बीच में समय बिताने पहुंचे। अर्पण दिव्यांग स्कूल के बच्चों को अपने हाथों से भोजन करते हुए उनसे संवाद किया। उनको शिक्षा संबंधी उपकरण भी प्रदान किया। इससे स्कूल में खुशनुमा माहौल बना। आसपास के लोग भी इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे। ब्राह्मण पारा स्थित हनुमान मंदिर में भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर गिरिश दुबे, सतनाम पनाग, देवेन्द्र यादव, इंद्रजीत गहलोत, सुंदर जोगी, अमित शर्मा, अविनय दुबे, श्रीनिवास, अमित नायडू, जुगनू नागवानी, बाकर अब्बास मौजूद रहे।

# महाशिवपुराण के विश्रांति पर रही मंत्रोच्चार की गूंज



**रायपुर।** मुकुट नगर उद्यान में जारी महाशिवपुराण कथा का बुधवार को विधिवत समापन किया गया। हवन की पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान किया गया। इस दौरान मंत्रोच्चार की गूंज और हवन की सुगंध से वातावरण सराबोर रहा। कथा का दिव्य और मार्मिक वर्णन कथा वाचक राष्ट्रीय संत राजीव नयन महाराज द्वारा किया गया। समापन अवसर पर भक्तों ने धर्म और आस्था के वातावरण में आशीष लिया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसे सफल बनाने में मुकुटनगर वासियों का विशेष योगदान रहा।

---

स्कूलों के प्रयोग शालाओं में विषय शिक्षक के मार्गदर्शन में प्रयोग प्रारंभ

# प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स, लैब में रासायनिक अनुप्रयोग व सिद्धांतों का कर रहे परीक्षण

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सीजी बोर्ड की 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं जल्द ही शुरू होंगी। ऐसे में शिक्षक व विद्यार्थी सभी तैयारी में जुट गए हैं। विशेष कर साइंस के विद्यार्थियों ने स्कूल के साइंस लैब में एक्पेरिमेंट्स करना प्रारंभ कर दिए हैं। शहर के जेनएन पांडे स्कूल, दानी गर्ल्स स्कूल सहित तमाम स्कूलों में साइंस के छात्र रसायन विज्ञान, भौतिकी और जीव विज्ञान के विषयों पर आधारित प्रयोग कर रहे हैं। स्टूडेंटस विषय के प्रायोगिक टॉपिक पर अधारित सिद्धांत के ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने और विभिन्न वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को समझने में जुटे हैं। जेएन पांडे स्कूल के भौतिकी के शिक्षक प्रमोद पांडे ने बताया कि स्टूडेंट्स के लिए सप्ताह के दिनों को अलग-अलग विषयों के प्रयोग के लिए बांट दिया गया है। बुधवार व गुरुवार को भौतिकी विषय पर प्रयोगशाला में स्टूडेंट्स अपने प्रैक्टिकल्स परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। स्टूडेंट्स को प्रायोगिक थॉरिकल्स व लैब प्रैक्टिक्स दोनों का अभ्यास कराया जा रहा है। ताकि, स्टूडेंट्स प्रायोगिक परीक्षा में भी मैरिट अंक अर्जित कर सकें। साइंस विषयों के प्रयोग शाला में रासायनिक विश्लेषण, प्रतिक्रियाओं को देखने या पदार्थों के गुणों का अध्ययन करने जैसे प्रयोग स्टूडेंट्स सब्जेक्ट टीचर्स के मार्गदर्शन में कर रहे हैं। भौतिकी विषय में विद्युत परिपथों का निर्माण, लेंस और दर्पणों के गुणों का अध्ययन या यांत्रिकी से संबंधित प्रयोग शामिल हैं। वहीं, जीव विज्ञान विषय में छात्र कोशिका विभाजन, पौधों की संरचना या विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं का अध्ययन करने जैसे प्रयोग कर रहे हैं।



### प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुझाव

विषय शिक्षक अनिता मंदिलकर का कहना है कि छात्रों को परीक्षा से काफी पहले से ही अपनी प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। वहीं, शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूल लैब में प्रयोगों का नियमित अभ्यास करें। सुनिश्चित करें कि प्रयोगों के लिए आवश्यक सभी उपकरणों और औजारों से परिचित हैं, ताकि परीक्षा के दौरान पूरी तरह से सुसज्जित रहें। परीक्षा के दौरान अपनाए जाने वाले चरणों को याद रखने के लिए प्रायोगिक रिकॉर्ड की समीक्षा करना महत्वपूर्ण है।

### थ्योरी और प्रैक्टिकल के कॉन्सेप्ट्स को समझ रहे

बारहवीं के छात्र प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रैक्टिकल फाइल को व्यवस्थित करने, उसमें सभी प्रयोगों को सही ढंग से लिखने और थ्योरी की तरह ही प्रैक्टिकल के कॉन्सेप्ट्स को समझने पर ध्यान दे रहे हैं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए प्रैक्टिकल फाइल को साफ-सुथरा रखना, परीक्षा के दिन दबाव को संभालना और वर्तमान घटनाओं के साथ विषय को जोड़ना महत्वपूर्ण है। स्टूडेंट्स प्रैक्टिकल परीक्षाओं की उपयोगी टिप्स और ट्रिक्स शिक्षकों से ले रहे हैं। स्कूल के छात्र अपनी प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए पहले से ही अभ्यास, सही तकनीकों और सुरक्षा प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे प्रायोगिक रिकॉर्ड की समीक्षा कर रहे हैं और प्रयोगों के लिए आवश्यक उपकरणों से खुद को परिचित कर रहे हैं, ताकि वे परीक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार रहें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल ओपन कबड्डी के रजत पदक विजेताओं को किया सम्मानित



**रायपुर।** 35 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप मे रजत पदक विजेता छत्तीसगढ़ बालक दल ने उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव से सौजन्य भेंट की। श्री साव ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा नगद 1 लाख 60 हजार रुपये की राशि भी विजेता खिलाड़ियों को प्रदान की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल एवं सेवा राम साहू कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ उपस्थित थे।

### क्रिकेट में संयुक्त टीम की 5 विकेट से जीत



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण कॉलेज ग्राउंड में आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को रोमांचक मुकाबले हुए। आयोजक विराज चौहान ने बताया कि टीम पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब विरुद्ध गोविंद चौहान क्रिकेट क्लब एवं एनसीए की संयुक्त टीम के मुकाबले में संयुक्त टीम ने 5 विकेट से जीत लिया। संयुक्त टीम के कप्तान हिमेश कुमार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। बल्लेबाजी में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब ने नौ विकेट पर 191 रन बनाए। तन्मय जैन ने 39 रन, कप्तान मोहम्मद अयान ने 33 रन और आदित्य कनौजिया ने 21 रन बनाए। संयुक्त टीम की ओर से हिमेश कुमार ने तीन विकेट, कृतिवास चौहान एवं ऋषिक ने दो-दो विकेट और ऐश्वर्य कुर्रे एवं हंसराज साहू ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में संयुक्त टीम ने पांच विकेट पर 194 रन बनाए। आयुष यादव ने 74 रन, नीलांजल ने 55 रन, आदर्श निषाद ने नॉट आउट 21 रन और सौरभ सोम ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब के ए देवांगन ने दो विकेट तथा साहित्य, सोहम सिंह एवं तन्मय जैन ने एक-एक विकेट लिए। संयुक्त टीम के कोच मोहम्मद आरिफ खान एवं पद्मनापुर क्रिकेट क्लब के कोच मनोज शुक्ला थे। इस मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं नुगेश्वर डहरिया तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### भिलाई के युवाओं ने श्रीलंका में जीता गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल




**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के उभरते पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर शहर का नाम रोशन किया है। कोलंबो, श्रीलंका में हाल ही में आयोजित वर्ल्ड इनविटेशन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का गौरव बढ़ाया। 77 किलोग्राम वेट कैटेगरी में देवेंद्र वर्मा ने स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर देश का मान बढ़ाया। इसके साथ ही उन्होंने ओवरऑल कैटेगरी में स्ट्रांग मैन का खिताब भी अपने नाम किया। इसके अलावा, 66 किलोग्राम वेट कैटेगरी में ओमन सिंह ठाकुर ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। दोनों खिलाड़ी इससे पहले भी कई राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। उनके प्रशिक्षक श्रीनिवास साहू ने बताया कि दोनों खिलाड़ी पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। देवेंद्र वर्मा और ओमन सिंह ठाकुर दोनों ही खुर्सीपार स्थित स्ट्रेंथ क्लब में अभ्यास करते हैं।

### रेफरी गौस होंगे वालीबॉल चैंपियनशिप में निर्णायक



**रायपुर।** सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा 75 वीं अंतर सर्विसेज वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 5 दिसंबर सिकंदराबाद (तेलंगाना ) में किया जा रहा है। जिसमें सर्विसेज के अंतर्गत इंडियन नेवी, इंडियन फोर्स एवं इंडियन आर्मी के टीमें भाग ले रही है। वालीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा इस चैंपियनशिप के सफल संचालन हेतु भारत से दो रेफरी को नियुक्त किया गया है जिसमें सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी सूरजपुर जिले के मोहम्मद गौस बेग शामिल है। ज्ञात हो कि गौस बेग को अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऑफशियटिंग करने का खासा अनुभव प्राप्त है। इस चैंपियनशिप में इंडियन सर्विसेज टीम का गठन किया जाना है। भारत की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में निर्णायक हेतु अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गौस बेग के चयन होने पर छत्तीसगढ़ वालीबाल संघ के प्रमुख मोहम्मद अकरम खान, सचिव हेम प्रकाश नायक, छत्तीसगढ़ रेफरीज बोर्ड के चेयरमैन विनोद नायर ने हर्ष जताया है।

## थोड़ी सी लापरवाही बिगाड़ सकती है आपकी तबीयत

# पार्टियों के दौर में डायबिटीज-हार्ट के मरीज बरतें सावधानी, खुशियों को न लगने दें ग्रहण

इन दिनों मौका पार्टियों का है। पुराने साल की विदाई के बाद साल के आगमन की खुशियां मनाने कहीं तैयारी चल रही है तो कहीं पार्टियां हो रही हैं। फिर लगातार शादियां भी चल रही हैं। जाहिर है ऐसे माहौल में लोग पार्टियों और जश्न में डूबे रहते हैं। पुराने साल की विदाई और नए साल के स्वागत को लेकर हर तरफ तैयारियां जोरो-शोरों पर हैं। हर तरफ पार्टी का माहौल होना ही है, गीत-संगीत और जश्न के इस मौके का हम सभी को इंतजार रहता है। पर ध्यान रहे, जश्न और उत्साह में हमारी सेहत से कोई समझौता न होने पाए। पार्टियों के दौरान सेहत का पूरा ध्यान रखा जाना जरूरी है, विशेषतौर पर यदि आपको डायबिटीज या हार्ट की समस्या है तो और भी अलर्ट रहने की आवश्यकता है। पार्टियों में डीजे की तेज आवाज, तेल-मसाले वाला खान-पान आपकी सेहत को बिगाड़ सकता है। इसके अलावा इन दिनों कोरोना का जोखिम बढ़ रहा है जिसको लेकर भी सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है।



### आइए जानते हैं कि पार्टियों-जश्न के दौरान सेहत का कैसे ख्याल रखें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, देश में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन1 के कारण संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रविवार के आंकड़ों के मुताबिक देश में लोगों में संक्रमण देखा गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि पार्टियों में एकत्रित होने वाली भीड़ से कोरोना के प्रसार का खतरा हो सकता है, इसलिए संक्रमण से बचाव के लिए पार्टी में मास्क जरूर पहनें, संभव हो तो एक दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखें।

### डायबिटीज रोगियों के लिए सावधानी



पार्टियों में गड़बड़ खान-पान के कारण ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा रहता है, इसके अलावा इन दिनों ठंड भी बढ़ी है जिसका भी आपके शुगर लेवल पर नकारात्मक असर हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि आप खान-पान को लेकर सावधान रहें। ज्यादा तले-भुने मसालेदार चीजों को खाने से बचें। मीठे पेय, कोल्ड ड्रिंक्स और मिठाइयां भी शुगर बढ़ा सकती हैं, इनका सेवन कम से कम करें। डायबिटीज रोगियों में कोरोना संक्रमण की स्थिति में रोग के गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है, इसलिए कोरोना से बचाव जरूरी है।

### हृदय रोगी रहें सावधान

पार्टियों में बजने वाले तेज साउंड की आवाज आपकी हृदय गति को बढ़ा सकती है, जिससे हृदय की गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। इसके अलावा गड़बड़



खान-पान से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल में भी बढ़ोतरी का जोखिम हो सकता है, ये हार्ट के लिए बहुत समस्याकारक है। हृदय रोगियों को पार्टियों में जाने से बचना चाहिए, अगर आप जा रहे हैं तो सेहत का विशेष ध्यान रखें।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नए साल के स्वागत में सेहत का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। खूब मौज-मस्ती करें, साल 2024 को खुशियों के साथ अलविदा कहकर नए साल 2025का इस्तकबाल करें, पर सबसे जरूरी बात- हर समय अपनी सेहत का ख्याल रखें।

## एल्युमीनियम फॉइल के इस्तेमाल से सब्जियां और फल रहेंगे फ्रेश

क्या आप भी एल्युमीनियम फॉइल का यूज केवल खाना कवर करके गर्म रखने तक समझती हैं, तो आप शायद गलत हैं। आज हम आपके सिल्वर फॉइल को और किन तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। उसके कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिनको आप भी एक बार जरूर आजमा कर देखें।

### अपनाएं ये एल्युमीनियम फॉइल हैक्स

आज हम आपको इन सबके अलावा आप कैसे इस एल्युमीनियम फॉइल की मदद से अपनी सब्जियों और फलों को खराब होने से बचा सकती हैं। उसके हैक्स बताने जा रहे हैं। जिससे आप अपनी बहुत सी खराब हो जाने वाली चीजों को बचा पाएंगी।

### अदरक नहीं सूखेगी

अक्सर हम लोग फ्रिज में या बाहर ऐसे ही अदरक रख देते हैं, जो कि सूखने लगती है। यदि आप अदरक को एल्युमिनियम फॉइल में लपेटकर रखेंगी तो वो बिल्कुल नहीं सूखेगी।

### कटा हुआ सेब

कटा हुआ सेब चाहे जितना भी ढककर रख दो वो काला पड़ ही जाता है। लेकिन आप यदि कटे सेब को पेपर फ़ॉइल में लपेटकर फ्रिज में रखेंगी तो वो कभी काला नहीं होगा।

### हरी पत्तेदार सब्जियां



सर्दियों में आने वाली हरे पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, बथुआ और हरा धनिया एकदम हरा भरा रखना चाहती हैं, तो आप इसको सिल्वर फॉइल में फोल्ड करके फ्रिज में रखें। आप जब भी इसको निकालेंगे ये बिल्कुल हरा-भरा मिलेगा।

### केला फ्रेश रखने के लिए

यदि आप केले का पूरा बंच ले आएं हैं और आपको उसके खराब होने का डर है तो आप उसके ऊपर वाले भाग पर एल्युमीनियम फॉइल लपेट दें। आपके केले चार पांच दिन तक खराब नहीं होंगे।

### टाइट ब्रेड होगी सॉफ्ट

यदि ब्रेड रखे रखे टाइट हो चुकी है तो आप उसपर बटर या घी लगाकर माइक्रोवेव करें। ब्रेड एकदम मुलायम हो जाएगी।

## चॉकलेट केक ऐसे करें तैयार खाकर हर कोई करेगा तारीफ



नए साल के लिए लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिस तरह से बहुत से लोग अपने दोस्तों के साथ बाहर पार्टी करने जाते हैं, और समय व्यतीत करते हैं, ठीक उसी तरह से बहुत से लोगों को अपने परिवार के संग समय बिताना पसंद होता है।

चाहे पार्टी हो, या आप घर पर समय व्यतीत करें, नए साल के मौके पर सभी का मुंह मीठा कराना तो बनता ही है। अगर आप कुछ मीठा बनाने का सोच रहे हैं तो चॉकलेट केक एक बेहतर विकल्प है।

दरअसल, चॉकलेट केक एक ऐसी डिश है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसे बनना भी काफी आसान है। अगर आपको कुछ और समझ नहीं आ रहा है तो आप अपने मेहमानों और घरवालों के लिए घर पर ही स्वादिष्ट चॉकलेट केक तैयार कर सकती हैं। आप इसे बनाकर अपने घरवालों को खुश कर सकती हैं।

अगर आप न्यू ईयर की पार्टी के लिए घर पर केक तैयार करना चाहते हैं, तो सबसे पहले को अपने ओवन को 180 सेल्सियस पर प्री हीट कर लें। इसके बाद अब एक बड़े कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और कॉको पाउडर को मिलाएं। इन सूखी चीजों को सही से मिलाने के बाद कटोरे में चीनी, दूध, तेल, वेनिला एक्सट्रेक्ट और अंडा डालें। अब इस चमचे की मदद से इसे सही से मिक्स करें। ध्यान रखें कि ना तो ज्यादा गाढ़ा होना चाहिए और ना ज्यादा पतला।



## सोते समय बिस्तर के नीचे रखें पानी से भरा बर्तन

अगर आपके घर में वास्तु दोष हैं और आपको इसकी वजह से कई समस्याएं होती हैं तो आपको कुछ विशेष उपाय आजमाने की सलाह दी जाती है। इनमें से एक है बिस्तर के पास पानी से भरा बर्तन रखना।

क्या आपको नींद न आने की समस्या है? क्या आपको आस-पास कुछ नकारात्मक ऊर्जाओं का एहसास होता है? क्या आपको अपने बनते काम भी बिगड़ते नजर आते हैं? इसके पीछे कई वास्तु दोष हो सकते हैं।

कई वास्तु दोषों को सफाई और सुरक्षा से जोड़ा जाता है। ऐसा माना जाता है कि अगर आपके घर में वास्तु दोष हैं तो उन्हें दूर करने के लिए कई युक्तियां अपनाई जाती हैं। इन्हीं युक्तियों में से एक है सोते समय बिस्तर के नीचे पानी से भरा कटोरा रखना।

ऐसा माना जाता है कि पानी से भरे कटोरे को बिस्तर के नीचे रखने से घर की समृद्धि बनी रहती है और जीवन में सकारात्मकता आती है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से जानें बिस्तर के नीचे पानी से भरा बर्तन रखने के फायदों के बारे में विस्तार से।

### बिस्तर के नीचे पानी रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है



नकारात्मक ऊर्जा हमारे जीवन को कई तरह से प्रभावित करती है और ऐसा माना जाता है कि नकारात्मक ऊर्जाओं का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। अगर हम बिस्तर के नीचे पानी से भरा बर्तन रखते हैं तो पानी में सभी नकारात्मक ऊर्जाएं अवशोषित होती हैं। नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा पाने के लिए सबसे आसान तरीकों में से एक है बिस्तर के नीचे तांबे के बर्तन में पानी रखना। इससे आपको कई बुरी शक्तियों से मुक्ति मिल सकती है।


### बिस्तर के नीचे पानी रखने से अच्छी नींद को बढ़ावा मिलता है

इंसान के जीवन में नींद और सोना न उसे सिर्फ शारीरिक तौर पर आराम देता हैं बल्कि ये ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में भी मदद करता हैं। शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति का अवचेतन मस्तिष्क नींद के समय सबसे ज्यादा सक्रिय रहता हैं और अपने आस पास के वातावरण से ऊर्जा का एक्सचेंज करता हैं। शरीर की इसी प्रक्रिया को ज्योतिष में उपाय के तौर पर प्रयोग किया जाता हैं। यदि आप बिस्तर के नीचे एक कटोरे में पानी रखते हैं तो यह अच्छी नींद को बढ़ावा देता है जिससे शारीरिक ऊर्जा भी बनी रहती है।

### बिस्तर के नीचे पानी रखने से चंद्र देव के शुभ प्रभाव मिलते हैं

सोते समय बिस्तर के नीचे पानी से भरा बर्तन व्यक्ति को चंद्र देव के शुभ प्रभाव प्राप्त करने में मदद करता हैं। इसके साथ ही ऐसा करने से व्यक्ति के जीवन में चंद्र देव के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है और कुंडली में कमजोर चंद्रमा को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।























# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### कैमरून की 'अवतार- फायर एंड ऐश' रिलीज के लिए तैयार, जल्द शुरू होगी बुकिंग



हॉलीवुड फ्रेंचाइजी अवतार की अगली फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर जानकारी सामने आई है। हॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक जेम्स कैमरून एक बार फिर दुनिया भर में सिनेमाघरों को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। अवतार यूनिवर्स का अगला अध्याय 'अवतार फायर एंड ऐश' इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल रिलीज मानी जा रही है। फिल्म को लेकर पिछले कई महीनों से दुनिया भर में जो एक्साइटमेंट बनी हुई थी, वह अब भारतीय दर्शकों के बीच भी देखने को मिल रही है। 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर अपडेट सामने आया है। भारत में 5 दिसंबर से एडवांस बुकिंग आधिकारिक रूप से शुरू होने जा रही है। खास बात यह है कि आईमैक्स और डोल्बी विजन फॉर्मेट्स के लिए बुकिंग की तैयारियां पहले से ही की जा रही हैं। फिल्म रिलीज के पहले पूरे देश के आईमैक्स थिएटर्स पर स्पेशल अवतार थीम वाले बॉक्स ऑफिस काउंटर बनाए जा रहे हैं। इन काउंटर्स का उद्देश्य दर्शकों को एक सेलिब्रेशन जैसा माहौल देना है, जहां वो टिकट के साथ फोटो खिंचवा सकें, मूवी मर्चेंडाइज देख सकें और रिलीज से पहले 'अवतार' फैनडम का हिस्सा बन सकें। 19 दिसंबर को रिलीज होने जा रही यह फिल्म भारत में कुल 6 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में उपलब्ध होगी। इससे अलग-अलग राज्यों के दर्शकों को बिना भाषा की बाधा के अवतार यूनिवर्स से जुड़ने का मौका मिलेगा।

## टॉलीवुड

### सामंथा और राज का हुआ है भूत शुद्धि विवाह, जानिए इसका महत्व



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और फिल्म डायरेक्टर राज निदिमोरु ने पिछले हफ्ते शादी रचाई है। इनकी शादी कोई आम हिंदू विवाह नहीं थी, बल्कि एक खास योगिक अनुष्ठान था, जिसे भूत शुद्धि विवाह कहते हैं। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और फिल्म डायरेक्टर राज निदिमोरु ने 1 दिसंबर को शादी कर ली है। उनकी शादी कोयंबटूर स्थित ईशा योग केंद्र के लिंग भैरवी मंदिर में हुई। सामंथा और राज का भूत शुद्धि विवाह हुआ है। जानिए क्या है भूत शुद्धि विवाह।

खबर के अनुसार, यह एक प्राचीन योगिक रस्म है, जिसमें दूल्हा-दुल्हन के शरीर, मन और ऊर्जा को पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) से पूरी तरह शुद्ध किया जाता है। 'भूत शुद्धि विवाह' का अर्थ है एक ऐसी प्रक्रिया जो इन पांच तत्वों को शुद्ध करती है। इससे पति-पत्नी के बीच बहुत गहरा आध्यात्मिक और ऊर्जा का रिश्ता बनता है। ऐसा माना जाता है कि इस अनुष्ठान से वैवाहिक जीवन में सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक एकता आती है।

इसमें लिंग भैरवी देवी (दिव्य स्त्री शक्ति) की विशेष कृपा मांगी जाती है। दंपति पवित्र अग्नि के चारों ओर परिक्रमा करते हैं और मंदिर में देवी के सामने एक-दूसरे से आजीवन साथ निभाने की प्रतिज्ञा लेते हैं। ये समारोह बहुत सादा, शांत और निजी होता है। इसमें सिर्फ बहुत करीबी परिवार वाले और दोस्त ही शामिल होते हैं। ईशा केंद्र में तीन तरह के पवित्र विवाह होते हैं- भूत शुद्धि विवाह, लिंग भैरवी विवाह, और विवाह वैभव। इनमें भूत शुद्धि विवाह को सबसे शुद्ध और शक्तिशाली माना जाता है। हालांकि, अगर दुल्हन गर्भवती हो तो यह विशेष अनुष्ठान नहीं कराया जाता। सामंथा और राज ने भूत शुद्धि विवाह किया है।

## भोजपुरी

### पावर स्टार पवन ने देसी स्टाइल में बनाए नूडल्स,वीडियो हुआ वायरल



भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह की अभिनय प्रतिभा से सभी वाकिफ हैं। उनकी सिंगिंग के हुनर को भी फैंस काफी पसंद करते हैं। सिंगिंग और एक्टिंग के अलावा पवन सिंह कुकिंग का भी हुनर रखते हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह अपनी एक्टिंग और सिंगिंग के बाद एक और हुनर के लिए दर्शकों की तारीफ लूटते दिख रहे हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे किचन में नजर आ रहे हैं। एक्टर देसी अंदाज में नूडल्स बना रहे हैं। इस पर यूजर्स के मजेदार रिएक्शन आए हैं। प्रोड्यूसर निशांत उज्जवल ने आज रविवार को इंस्टाग्राम पर पवन सिंह का एक वीडियो शेयर किया है। भोजपुरी एक्टर इसमें नूडल बनाते दिख रहे हैं। वीडियो के साथ निशांत ने कैप्शन लिखा है, 'देहादी आहार पावर स्टार पवन भैया के साथ'। पवन सिंह नूडल बनाते हुए कहते हैं, 'मैं देसी आदमी हूं।' मैगी के साथ वे वेजिटेबल जूस बनाते हैं। इसके बाद निशांत और पवन सिंह दोनों नूडल्स का लुत्फ उठाते हैं। पवन सिंह के कुकिंग स्किल्स की यूजर्स तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स मजाकिया अंदाज में पर्सनल लाइफ में कमेंट कर रहे हैं। अभिनेत्री सोनम मलिक ने लिखा है, 'हम भी आ रहे हैं, एक प्लेट हमारे लिए भी'। एक यूजर ने लिखा, 'बिना मेहरारू के यही हाल होगा भैया'। एक फैन ने लिखा है, 'पवन सिंह लोकप्रियता के उस मुकाम पर हैं।




फैशन वीक इस्तांबुल ने सीज़न की शुरुआत न्यू जेन बाय आईएमए फैशन शो से की। मेहमत एमिरोग्लू, सेलेन अक्युज़, वाई प्लस बाय याकूप बिसर, आरज़ू कैप्रोल, टैग, दिलेक हनीफ और डाइस कायक के कलेक्शन पूरे दिन शॉर्ट फिल्मों के साथ दर्शकों के सामने पेश किए गए। दूसरे दिन ओज़लेम एरकान के साथ पोडियम की शुरुआत करते हुए, एग्ज़िबिशन में मर्ट एरकान, चिग्देम अकिन, नियाज़ी एर्दोगन, गुल एगिस, निहान पेकर और मेहताप एलादी के कलेक्शन फैशन लवर्स के सामने लाए गए।

# सालों तक नई दिखेगी आपकी बनारसी साड़ी, धोते समय रखें इन बातों का ध्यान

बनारसी साड़ी में किसी भी महिला का लुक क्लासी और रॉयल लगता है लेकिन अधिकतर महिलाएं चाह कर भी बनारसी साड़ी ज्यादा नहीं पहन पातीं। इसकी वजह होती है महंगी बनारसी साड़ियों के खराब होने का डर होना। ऐसे में अगर आपके पास भी बनारसी साड़ी हैं तो उसके रखरखाव और साफ करने के तरीकों के बारे में जरूर जान लें।

### बनारसी साड़ी धोते समय इन बातों का रखें ध्यान

बनारसी साड़ी को साफ करते समय छोटी सी गलती से भी आपकी साड़ी खराब हो सकती है। अपनी बनारसी साड़ी को सालों तक नई जैसी रखने के लिए इन बातों को ध्यान रखें।

### बनारसी साड़ी धोने का तरीका

बनारसी साड़ी को वैसे तो ड्राई क्लीन करवाया जाता है, लेकिन अगर आप घर पर ही बनारसी साड़ी धो रही हैं तो हल्के साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। हार्ड साबुन से आपकी बनारसी साड़ी का कपड़ा खराब हो जाता है। हल्के साबुन का घोल बनाकर उससे साड़ी को धोना चाहिए।

### साड़ी धोने के लिए इस्तेमाल करें ठंडा पानी

बनारसी साड़ी को धोने के लिए हमेशा ठंडे पानी का उपयोग करें। गर्म पानी से साड़ी का कपड़ा खराब हो सकता है। ठंडे पानी से बनारसी साड़ी धोने से उसका रंग भी नहीं उतरता है और कपड़ा साफ भी हो जाता है।



# इस मौसम में करनी है आउटिंग तो इन कपड़ों को दें प्राथमिकता



लोगों का ऐसा मानना है, कि जितनी खुशी के साथ आप नए साल का स्वागत करेंगे, आपका आने वाला समय उतनी ही खुशियों भरा होगा। ऐसे में हर कोई ठंड के इस मौसम में अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय व्यतीत करता है। अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ कहीं जाने या अपने शहर में ही आउटिंग का प्लान बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, अब जब नया साल करीब है तो सर्दी भी गजब ढा रही है। ऐसे में इस मौसम में आउटिंग के लिए आपको कपड़ों का ध्यान देने की बेहद जरूरत है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ठंड के मौसम में आपकी तबियत खराब हो सकती है। इसी के चलते आपको इस मौसम की आउटिंग के लिए कुछ फैशन टिप्स जानना चाहिए, ताकि ठंड भी आपसे दूर रहे और आप स्टाइलिश भी दिखें।





### जींस-टॉप

अगर ऐसे कपड़े पहनने का सोच रहीं हैं जो फुल भी हों, और जिसको पहनकर आपका लुक प्यारा भी लगे तो सबसे बेहतर विकल्प तो जींस और फुल टॉप ही है। वुलेन टॉप आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे, जिसे आप कैरी करके जलवा दिखा सकती हैं।

### फ्लोरल कुर्ता

सर्दी के मौसम में जह हल्की-हल्की धूप निकलती है तो इस तरह का फ्लोरल कुर्ता आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में अगर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो इस तरह का कुर्ता पहन सकती हैं। इसके साथ आप ओपन स्वेटर कैरी कर सकती हैं।

### ड्रेस के साथ कोट

अगर आप ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो इसके साथ ब्लेजर काफी कमाल का लगेगा। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट जरूर पहनें। ये आपको सर्दी से बचाएगा।

# इन वजहों से तो आपके बाल नहीं दिखते डल

कई लोगों के बाल बहुत अधिक बेजान व डल नजर आते हैं। इसके लिए वे कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन उन्हें बालों के डल दिखने के कारणों की जानकारी नहीं होती है।

कई बार ऐसा होता है कि हम तेज धूप में ओपन हेयर लुक में बाहर निकलते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बालों की शाइन कहीं खो जाती है और बाल डल नजर आने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार बहुत अधिक हवा चलने पर भी अगर बाइक आदि से ओपन हेयर में घूमा जाए तो इससे बाल डल हो सकते हैं। हम कभी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन हेयर ड्रायर का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से भी बाल डल नजर आ (दो मुंहे बाल) सकते हैं। अमूमन हम अपने बालों को वॉश करने के बाद उन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उसके बाद बालों पर सीरम नहीं लगाते हैं, जिससे बाल रूखे व डल बन जाते हैं। इतना ही नहीं, अगर नियमित रूप से हेयर ड्रायर का इस्तेमाल किया जाए तो भी बालों की शाइन कहीं चली जाती है। सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन अगर आप अपने



आहार पर ध्यान नहीं देते हैं तो इससे भी आपको बालों में डलनेस की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। कोशिश करें कि आप एक बैलेंस डाइट लें और उसमें आपको पर्याप्त विटामिन और मिनरल्स मिलें। इसका हेयर हेल्थ पर गहरा असर पड़ता है। यह एक छोटा सा स्टेप है, लेकिन इससे बालों की हेल्थ और उनकी शाइन पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बालों (कंडीशनर लगाने का तरीका) को शैम्पू तो करते हैं, लेकिन हर बार उसके बाद कंडीशनर को स्किप कर देते हैं। ऐसा करने से उनके बाल धीरे-धीरे डल व बेजान नजर आने लगते हैं। शैम्पू आपकी स्कैल्प व बालों के नेचुरल ऑयल को छीन लेता है।

# नए साल पर खास तोहफे देने कर लें अभी से तैयारी

नए साल की शुरुआत जल्द होने जा रही है। नए साल के स्वागत को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है। साल का पहला दिन लोग अपने परिवार व दोस्तों के साथ मनाना चाहते हैं। वही अपने करीबियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर इस वर्ष की शुरुआत करते हैं। इस मौके पर लोग पार्टी करते हैं और घूमने जाते हैं। हालांकि आप नए साल के जश्न को अधिक यादगार बनाने के लिए अपने दोस्तों या परिवार के सदस्यों को न्यू ईयर गिफ्ट दे सकते हैं। यहां नए साल के लिए कुछ खास तोहफे का आईडिया दिया जा रहा है, जिसे पाकर आपके प्रियजन खुश हो जाएंगे। आईए जानते हैं नए साल के लिए बेहतरीन गिफ्ट आइडिया

**डायरी:** नए साल पर दोस्त या परिवार के किसी सदस्य को तोहफे में डायरी दे सकते हैं। डायरी उनके काफी काम आ सकती है। लोग अपने दिल की बात, अपने विचार या रोज की रूटीन को अपनी डायरी में लिख सकते हैं। इसके अलावा वह जरूरी बातों को या जानकारी को भी डायरी में संजोकर रख सकते हैं। डायरी न्यू ईयर रेजोल्यूशन की याद दिलाने के लिए भी एक अच्छा तरीका है।

**स्मार्ट वॉच:** नए साल के मौके पर आप अपने परिवार के किसी सदस्य या दोस्त को तोहफे में स्मार्ट वॉच दे सकते हैं। स्मार्ट वॉच फिटनेस और लाइफस्टाइल को



मेंटेन करने में काफी मददगार होती है। इसके अलावा रूटीन लाइफस्टाइल को भी आसान बना सकती है। स्मार्ट वॉच के फीचर काफी काम के होते हैं

**किताब:** अगर आपके दोस्त या परिजनों को पढ़ने का का शौक है तो उन्हें तोहफे में किताब दे सकते हैं। किताब उनके मनचाहे विषय पर होनी चाहिए। चाहे वह अध्यात्म से जुड़ी हो या फिटनेस, लाइफ स्टाइल और कविता- कहानियों का संग्रह हो।

**ग्रीटिंग कार्ड:** नया साल बिना ग्रीटिंग के कार्ड के अधूरा है। नए साल के मौके पर दोस्तों, रिश्तेदारों को न्यू ईयर की आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तोहफे में दे सकते हैं। ग्रीटिंग में सुंदर शुभकामना संदेश लिख कर दीजिए।

कार्नर न्यूज

## ठंड के इस मौसम में मफलर को बना सकतें हैं स्टाइलिश

# स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लेजर, स्वेटर के साथ ऐसे पहनें मफलर, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

सर्दी के मौसम में मफलर पहनने का ट्रेंड काफी पुराना है। मफलर आपको स्टाइलिश बनाने के साथ गर्मी देने का भी काम करता है। इसलिए अधिकतर लोग विंटर सीजन में मफलर को पहनना पसंद करते हैं। या यूं कहें कि मफलर के बिना विंटर वार्डरोब पूरा नहीं हो सकता है। और हो न हो, शायद आप भी मफलर के शौकीन हैं! जैकेट, ब्लेजर, स्वेटर आदि विंटर टॉप वियर्स के साथ मफलर को लोग कैरी करते हैं। कई लोग इसे गले में लटका लेते हैं तो कई लोग गले में लपेट लेते हैं और कई लड़के मफलर को सिर पर बांधे दिखाई देते हैं। मगर सबसे पहले हमें मफलर को सही तरीके से पहनना मालूम होना चाहिए।

**जैकेट्स**_ विंटर जैकेट्स सर्दी के मौसम में अधिकतर लड़के पहनते हैं। मगर इसके साथ मफलर को पहनने का तरीका बहुत कम लोगों को पता है। इसी वजह से वे लोग मफलर पहनने के बाद अच्छे नहीं दिखते हैं। इसलिए जैकेट्स और मफलर को सही तरीके से पहनना जान लें।



**पहला तरीका**_ विंटर जैकेट्स के साथ मफलर को पहनने का सही तरीका है- उसको गले में लटका लें। दोनों ओर से बराबर रूप से मफलर के दोनों सिरे लटके हुए होने चाहिए। यहां पर एक बार ध्यान रखें कि मफलर की लेंथ जैकेट्स की लेंथ से बड़ी नहीं होनी चाहिए।

**दूसरा तरीका:** इसके अलावा मफलर को दोहरा करके अपनी गर्दन के दोनों तरफ डालें। मफलर के खुले छोर वाले हिस्से को दूसरी तरफ वाला फंदा बने हिस्से में डालकर हल्का सा कस लें। इस स्टाइल में खूबसूरत दिखेंगे और ये सबसे आसान तरीका होता है।

**स्वेटर्स :** स्वेटर्स और मफलर का कॉम्बिनेशन सबसे पुराना है। ये दोनों लंबे समय से एक दूसरे के साथ ही रह रहे हैं। मगर इसके साथ ही मफलर पहनते वक्त कई पुरुष गलतियां कर देते हैं। लेकिन अब से आप मफलर को स्वेटर के साथ सही तरीके से पहन सकते हैं।

**पहला तरीका:** स्वेटर के साथ मफलर को कभी भी खोलकर न पहनें। ये विंटर लुक को बिगाड़ने का काम करता है। स्वेटर के साथ मफलर की परफेक्ट मैचिंग तभी होगी जब आप मफलर को दोहरा करके अपनी गर्दन के दोनों तरफ डालें। उसके बाद मफलर के खुले छोर वाले हिस्से को दूसरी तरफ वाला फंदा बने हिस्से में डालकर हल्का सा टाइट कर लेंगे।

**दूसरा तरीका:** इसके अलावा स्वेटर के साथ मफलर को पहनने का दूसरा तरीका यह है- मफलर को हल्के रूप से गले में पूरी तरह से लपेट लें। इससे आप स्वेटर में और भी अधिक सुंदर दिखाई देंगे। अगर बहुत अधिक ठंड है तो इस तरह से मफलर को लपेटने से गरमाहट तुरंत मिलती है।

